हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025

नगर संस्करण

वर्षः 01,अंक:279

RNI No. : JHAHIN - 01092

जमशेदपुर से प्रकाशित

मूल्य : दो रुपए

rashtrasamvad.com

**सुविचार**

महानता कभी ना गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है ।

# जींद की रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की मुख्यमंत्री



## धनखड़ ने शगुन दिया; कॉलेज टाइम में RSS से जुड़ीं, पिता बैंक मैनेजर-दादा आढ़ती रहे

**नई दिल्ली /जींद ,एजेंसी।** हरियाणा के जींद की रहने वाली रेखा गुप्ता दिल्ली की नई सीएम होंगी। वह आज 12 बजे सीएम पद की शपथ लेंगी। सीएम चुनने के लिए नियुक्त किए पर्यवेक्षक ओपी धनखड़ ने रेखा गुप्ता को शगुन दिया। वहीं जींद के जुलाना में जश्न मनाया गया। ढोल की थाप पर लोग नाचे। साथ में लड्डू भी बांटे। वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम नायब सैनी खट्टर ने रेखा को सीएम बनने पर बधाई दी। खट्टर ने कहा- दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर रेखा गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं आपके कुशल नेतृत्व में दिल्ली की डबल इंजन सरकार सुशासन एवं समग्र विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। रेखा के दादा आढ़ती और पिता बैंक



मैनेजर रहे हैं। रेखा स्टूडेंट लाइफ से ही पॉलिटिक्स में आ गई थीं। वह कॉलेज टाइम से राष्टीय स्वयंसेवक संघ (RSS) से जुड़ी हैं। इसी वजह से RSS ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे भाजपा ने मान लिया। भाजपा की 21 राज्यों में सरकार है। मगर कहीं भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है। नए सीएम की शपथ लेते ही रेखा गुप्ता भाजपा की पहली महिला मुख्यमंत्री बन जाएंगी। रेखा ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से जीत हासिल की।

## हरियाणा में कांग्रेस को लगा नया झटका

### निकाय चुनाव से पहले छोड़ गए 50 नेता, मनाने पर भी नहीं माने

**करनाल ,एजेंसी।** हरियाणा में 2 मार्च को निकाय चुनाव होने हैं और उससे पहले करनाल में कांग्रेस को करारा झटका लगा है। कांग्रेस के करीब 50 नेताओं ने भाजपा जॉइन कर ली है। इस दौरान चीफ मिनिस्टर नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद थे। भाजपा से जुड़ने वाले नेताओं में हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरपर्सन त्रिलोचन सिंह, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक खुराना, करनाल नगर निगम के पूर्व चेयरपर्सन बलविंदर कालरा शामिल थे। इसके अलावा आप लीडर संजय बिंदल, कांग्रेस के ओबीसी सेल के जिलाध्यक्ष संजय चंदेल के अलावा कई पूर्व पार्षदों ने भी भाजपा जॉइन कर ली। कांग्रेस नेता निट्टू मान ने भी भाजपा जॉइन कर ली। करनाल सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है और कांग्रेस के कुछ और नेताओं के आने से पार्टी मजबूत होगी।

## कोलकाता में एक ही परिवार की तीन महिलाएं मृत पाई गईं

### पति की कार हादसे में मौत, दो अन्य घायल

**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल वहां एक ही परिवार की तीन महिला सदस्य घर में मृत पाई गईं हैं। वहीं मृत पाई गई एक महिला के पति की कार हादसे में मौत हो गई और घर के दो अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। महिलाओं के शव देखकर माना जा रहा है कि तीनों ने आत्महत्या की है। हालांकि मौत का असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

**पुलिस का क्या कहना है:** कोलकाता पुलिस के संयुक्त आयुक्त रुपेश कुमार ने बताया कि परिवार के तीन सदस्य जिस कार में थे, वह बुधवार सुबह करीब चार बजे इएम बायपास के पास मेट्रो पिलर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार किसी वाहन से टकराकर नहीं बल्कि सीधे मेट्रो पिलर से टकराई। कोलकाता पुलिस के आयुक्त मनोज वर्मा भी पीड़ितों के घर पहुंचे और उन्होंने मीडिया को बताया कि घर में मृत पाई गई एक लड़की की उम्र14-15 साल है। वहीं दो व्यस्क महिलाएं हैं। माना जा रहा है कि महिलाओं ने अपनी कलाई काटने से पहले खाने में कुछ गोलियां मिलाकर खाईं थी।

## बिहार में आरजेडी से टफ डील की तैयारी

### कांग्रेस ने बदली रणनीति, कई सीटों पर होगी नजर

**पटना ,एजेंसी।** कांग्रेस आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी रणनीति बदलने की तैयारी कर रही है। देश की सबसे पुरानी पार्टी और लालू यादव के नेतृत्व वाला दल राष्ट्रीय जनता दल बिहार में गठबंधन में चुनाव लड़ता आ रहा है। एनडीए से अलग होने के बाद नीतीश कुमार के साथ भी यह दोनों पार्टियां चुनाव लड़ चुकी है। 90 के दशक के बाद जब से कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व बिहार में कमजोर हुआ है, वह राजद के भरोसे ही चुनावी मैदान में कूदती है। हालांकि, कांग्रेस ने हाल के दिनों में अपनी रणनीति में बदलाव किया है। दिल्ली चुनाव में इसकी झलक देखने को मिली है। बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस समझौते के मूड में नहीं दिख रही है। पार्टी गठबंधन में चुनाव लड़ेगी लेकिन घटक दलों के बीच सीट बंटवारे में पार्टी इस बार ज्यादा सीट पर चुनाव लड़ने की जिद्द के बजाय जीत की अधिक संभावना वाली सीट हासिल करने की कोशिश करेगी।

**आर्मी चीफ की राहुल को नसीहतः**

## बोले- सेना को राजनीति में न घसीटें; राहुल गांधी ने उनके हवाले से कहा था- चीन ने घुसपैठ की

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नसीहत दी है। उन्होंने बुधवार को कहा कि सेना को राजनीति में नहीं घसीटना नहीं चाहिए। ऐसा हुआ तो यह चिंता की बात होगी। उन्होंने ANI से पॉडकास्ट में कहा कि हमने चीन के साथ बातचीत के रास्ते को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर हमने बातचीत को बढ़ावा दिया है। यदि हम एक दूसरे से बात करेंगे तो बहुत से संदेह दूर हो पाएंगे। हमारी यह राय रही है कि किसी भी तरह से संदेह को खत्म किया जाए। इसके लिए हमने कोर कमांडर्स को ताकत दी है कि जहां भी संभव हो, वे फैसला ले लें। यदि बातचीत से कोई मसला हल होता है तो कर लिया जाए। उन्हें यह पावर दी गई है कि यदि उनके





लेवल से कोई मामला हल हो सकता है तो वे कर लें। उसके लिए किसी भी तरह की मंजूरी का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी के उस बयान पर भी जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बात की, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने कहा था कि लद्दाख सेक्टर में घुसपैठ हुई थी। इस पर उन्होंने कहा कि सेना को राजनीति में नहीं घसीटा जाना चाहिए। वहीं महिलाओं को देवी काली की तरह सेना में शामिल करने की अपनी टिप्पणी पर एक बार फिर से उन्होंने बात की। जनरल द्विवेदी ने कहा कि मेरा भाव यह था, जो झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के लिए कहा गया था- बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। बता दें कि महिलाओं को सेना में शामिल करने के वह हिमायती रहे हैं। सेना प्रमुख ने इस दौरान हथियारों की बिक्री को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज हमारे यहां से विदेशों में हथियार भेजे जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि अब हथियार बनाने वाली कंपनियों को आसानी से लाइसेंस मिल रहे हैं और छूट मिल रही है। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से यह कहता रहा है कि हम संवाद चाहते हैं। लेकिन जब जरूरी होगा तो हम जंग से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान जब पूछा गया कि यदि किसी सेना कोई शहीद होता है तो आप लोग कैसे परिवार को बताते हैं! उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बेहद दर्दनाक अनुभव होता है। लेकिन हम एक परिवार की तरह काम करते हैं। सेना में इंजीनियर, आर्टी, इन्फैंट्री समेत सभी लोग एक परिवार जैसे हैं। हम यदि आज भी कोई कार्यक्रम करें तो शहीदों की विधवाएं बड़ी संख्या में आती हैं। इससे पता चलता है कि हम लोग एक परिवार की तरह ही काम करते हैं।

## शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने 5 राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित हुए पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) के अंतर्गत 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का यह कदम, प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है।





उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को एनडीआरएफ के तहत 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नगालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है।

## बेरोजगारी पर कांग्रेस ने केंद्र को घेरा, कहा– रोजगार के लिए युवा जा रहे विदेश, सरकार भटका रही ध्यान



कांग्रेस ने अब बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने दावा किया कि देश में स्थिति इतनी खराब है कि युवा रोजगार की तलाश में विदेश जाने को मजबूर हैं। जबकि मोदी सरकार लगातार देश का ध्यान भटकाने में लगी हुई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की। इसमें मर्सर–मेटल के इंडियाज ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स 2025 के हवाले से कहा गया कि देश में केवल 42.6 फीसदी स्नातक ही रोजगार के लिए योग्य हैं। जबकि 57.4 फीसदी को काम ही नहीं मिल पाया है। जयराम रमेश ने लिखा कि आज युवा बेरोजगारी से हताश और निराश हैं। हालात इतने खराब हैं कि लाखों युवा विदेशों में जाकर रोजगार ढूंढने को मजबूर हैं, लेकिन मोदी सरकार रोजगार सृजन की बजाय लगातार देश का ध्यान भटकाने में जुटी रहती है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के भयावह आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में 57.4 प्रतिशत ग्रेजुएट बेरोज़गार हैं, क्योंकि डिग्री और कौशल में अंतर मानते हुए प्राइवेट कंपनियां व उद्योग उन्हें रोजगार के योग्य नहीं मान रहे। जबकि मोदी सरकार का पूरा ध्यान अपने कुछ चुनिंदा मित्रों को फायदा पहुंचाने पर है, जिस कारण भारत में आधे से ज्यादा युवा नौकरी पाने में नाकाम रहते हैं। जयराम रमेश ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, लेकिन अगर वे ही बेरोजगार रहेंगे, तो विकास कैसा? सरकार जवाब दे कि शिक्षा प्रणाली को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप क्यों नहीं बदला गया? कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा में कब लाया जाएगा? डिग्रीधारी युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए सरकार की रणनीति क्या है?

## सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में संगीतमय श्रीराम कथा एवं अन्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने कथा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा, व्यवस्थाओं पर की चर्चा**

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वावधान में सूर्यधाम परिसर स्थित भव्य श्रीराम मंदिर की पंचम वर्षगांठ पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा, नगर भ्रमण सह शोभायात्रा एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने मंदिर परिसर के शंख मैदान में बनाये जा रहे कथा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन के उपसमिति के सदस्यों से चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। इससे पहले, उन्होंने सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष



भूपेंद्र सिंह और आयोजन उपसमिति के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

## महाकुंभ में फिर बढ़ी भीड़,लगा लंबा जाम

### यमुना ब्रिज पर लंबा जाम,10 किमी पहले रोक रहे गाड़ियां

**प्रयागराज ,एजेंसी।** महाकुंभ के 38वें दिन आज यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने संगम में डुबकी लगाई। हालांकि, राहुल गांधी और प्रियंका नहीं आए। अजय राय से रविवार को इटावा में पूछा गया था कि राहुल और प्रियंका कब महाकुंभ जाएंगे? इस पर उन्होंने कहा था- 19 फरवरी को हम लोग जा रहे हैं। हर-हर महादेव होगा। संगम पर नावों का जाम लगा है। महाकुंभ की ओर आने वाले हाईवे जाम हैं। न्यू यमुना ब्रिज पर करीब 4 किमी लंबे जाम में लोग तीन घंटे तक फंसे रहे। एक ओर आम श्रद्धालुओं को शहर से 10 से 12 किमी पहले पार्किंग में रोक दिया जा रहा तो दूसरी ओर VIP की गाड़ियां अरैल घाट तक जाने दिया जा रहा है। प्रयागराज की रजिस्टर्ड (P 70) गाड़ियों को शहर में एंट्री दी जा रही है।

## बजट सत्र : प्रयागराज के किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा : योगी

- जिन्होंने रात में चुन चुन कर बस्तियों को लूटा, वही नसीबों के मारों की बात करते हैं–यूपी विधान सभा में गूंजा कुंभ का मुद्दा, विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने किया पलटवार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के सदन में कुंभ पर चर्चा कराए जाने की मांग प्रस्ताव पर बालते हुए कहा कि सनातन के आयोजन को भव्यता से करना क्या कोई अपराध है, अगर है तो इसको हमारी सरकार कर रही है, आगे भी करेगी। योगी ने कहा कि सदन को आश्वस्त करता हूं कि अगर प्रयागराज कुंभ का जो भी गुनहगार होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा, वह कोई भी हो, कितना भी बड़ा क्यों न हो।

मुख्यमंत्री ने कुछ पंक्तियां पढ़कर विपक्ष पर हमला बोला-



बड़ा हसीन है, इनकी जबां का जादू..लगा के आग, बहारों की बात करते हैं,जिन्होंने रात में चुन चुन कर बस्तियों को लूटा, वही नसीबों के मारों की बात करते हैं...

नेता सदन ने कहा कि जिस समय यह चर्चा चल रही है, उस समय संगम में 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। जब आस्था के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करते हैं तो यह 56 करोड़ की आस्था के खिलाफ है। यह किसी सरकार का आयोजन नहीं है, सरकार पीछे से सहयोग कर रही है। हमारी सनातन के प्रति श्रद्धा का भाव है। अफवाहों को दरकिनार करते हुए आम जनमानस ने सफलता की ऊंचाई पर पहुंचाया है। बुधवार को दोपहर तक 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। हमारी सम्वेदनाएँ उन सभी श्रद्धालुओं के साथ है जो 29 तारीख की भगदड़ में शिकार हुए या अन्य सड़क दुर्घटनाओं में हताहत हुए। सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने झूठी अफवाहें फैलाने के लिए विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि काहिरा का वीडियो महाकुंभ के साथ जोड़ा गया। नेपाल झारखंड की अन्य घटनाओं के वीडियो महाकुम्भ का बताया गया।

योगी ने कहा कि ये लोग महाकुम्भ का विरोध पहले दिन से कर रहे थे। पिछले सत्र में हम चर्चा करवाने को तैयार थे, लेकिन इन्होंने चर्चा में भाग नहीं लिया, भाग खड़े हुए।



# आर्थिक समावेशन में पीएमएफएमई की भूमिका महत्वपूर्ण उद्योग मंत्री

राष्ट्र संवाद सं

**गोड्डाः** स्थानीय गोड्डा कॉलेज मैदान में उद्योग विभाग द्वारा प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत माननीय मंत्री उद्योग -सह- श्रम ,नियोजन ,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ,झारखंड सरकार श्री संजय प्रसाद यादव, जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री जिशान कमर, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर श्री पवन कुमार बाघ , उप विकास आयुक्त श्रीमती स्मिता टोप्पो , पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती कल्पना देवी ,महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र श्री रमाकांत चतुर्वेदी, ईओडीबी प्रबंधक श्री मनीष कुमार,वरीय प्रबंधक झारक्राफ्ट, अब्दुल कादिर सहित अन्य गणमान्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।इस अवसर पर उद्योग मंत्री के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि पीएमएफएमई योजना सूक्ष्म खाद्य उद्योगो को बढावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका क्रियान्वयन झारखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2021 से झारखण्ड के हर जिले में किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से लघु एवं सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण संबंधित उद्यमों को सशक्त बनाया जा रहा है जो हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। झारखण्ड एक कृषि आधारित राज्य है जिसमें विविध प्रकार के फसलों के साथ-साथ वनोपज पाए जाते है। यह प्रदेश अपने समृद्ध परंपरागत कृषि परिदृश्य के कारण खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यम स्थापना की अपार संभावनाएं रखता है, विशेष रूप से मिलेट्स, रागी, मक्का, चावल, गेंहू, आलू, आम और मशरूम इत्यादि का प्रोसेसिंग की छोटी इकाई स्थापित कर ग्रामीण वेरोजगारी को दूर करने में अहम भूमिका निभाया जा सकता है। राज्य सरकार के प्रयास से पीएमएफएमई योजना ने इस क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे वित्तीय सहायता और बाजार संबंधों के माध्यम से छोटे उद्यमियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिली है। समेकित रूप से अबतक लगभग 3200 उद्यमियों को इस योजना के माध्यम से वित्तीय लाभ दिया गया है।




## 21 से 28 फरवरी तक मयूराक्षी नदी तट पर होगा राजकीय जनजातीय हिजला मेला



राष्ट्र संवाद सं

**दुमकाः** 21 से 28 फरवरी तक मयूराक्षी नदी तट पर चलने वाले राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में हिजला मेला के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों को उनके कार्यों से अवगत कराते हुए कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के लिए गठित सभी समिति अपने दायित्वों का निर्वहन समय पर व ईमानदारी पूर्वक करेंगे। मेला क्षेत्र की साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। मेला क्षेत्र में जगह-जगह डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। बाहरी कला मंच व भीतरी कला मंच में शौचालय सहित पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए। विभागों से संबंधित प्रदर्शनी लगाने के निर्देश गए। कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि हिजला मेला महोत्सव के दौरान लगाए जाने वाले स्टॉल की सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ले। मेला स्थल की रंगाई-पुताई, मरम्मत, रोशनी, पेयजल व मेला मार्ग का रंग-रोगन समय रहते पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

## धनबाद मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंटः डी.पी.सी. ब्लू बना विजेता, डी3 उपविजेता

### विधायक राज सिन्हा ने किया ट्रॉफी वितरण



राष्ट्र संवाद संवाददाता , ओम प्रकाश शर्मा

धनबाद : धनबाद प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 में डी.पी.सी. ब्लू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि डी3 उपविजेता रहा। टूर्नामेंट के समापन पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने विजेता और उपविजेता टीमों के पत्रकार साथियों को ट्रॉफी वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा समेत कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

विधायक राज सिन्हा ने प्रेस क्लब के इस सफल आयोजन की सराहना करते हुए सभी पत्रकारों को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन पत्रकारों के बीच सहयोग और खेल भावना को बढ़ावा देते हैं।

समारोह में पत्रकारों ने खेल के प्रति उत्साह और प्रतिबद्धता दिखाई, जिससे टूर्नामेंट को शानदार सफलता मिली।

## संक्षिप्त खबरें

## सबकी योजना सबका विकास को लेकर मिरगापहाड़ी में ग्रामसभा आयोजित



राष्ट्र संवाद संवाददाता रफीक अंसारी

फतेहपुर जामताड़ा

फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बानरनाचा पंचायत के मिरगापहाड़ी गांव में सबकी योजना सबका विकास के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया । ग्राम प्रधान की उपस्थिति में ग्रामीणों ने अपने-अपने जरूरत के अनुसार योजना का चयन कर ग्राम सभा की बैठक पंजी में दर्ज कराया। बैठक में मुख्यतः 15वीं वित्त आयोग, मनरेगा एवं अन्य विभागों से संबंधित योजनाओं को रजिस्टर में दर्ज किया गया, जिसमें सड़क, नाली, मेड़बंदी , पेयजल कूप मरम्मती, गोशाला निर्माण , सामुदायिक भवन निर्माण, इत्यादि प्रमुख थे ।, ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान नारायण चंद्र गोस्वामी के उपस्थिति में की गयी।

आयोजित ग्राम सभा मे पंचायत सचिव उपेंद्र यादव,स्वयंसेवक काली प्रसाद अधिकारी , स्वयं सेवक सूरज टुडू , एनजीओ की ओर से संवाद संस्था के प्रतिनिधि सह प्रखण्ड स्तरीय समन्वय दल के सदस्य दिनेश कुमार महतो , पंचायत उत्प्रेरक संवाद संतोष टुडू ने भी भागीदारी की।

## सीएम हेमंत सोरेन के वरीय आप्त सचिव नियुक्त किए गए सुनील कुमार श्रीवास्तव



**राष्ट्र संवाद संवाददाताः** झारखंड सरकार ने उट हेमंत सोरेन के वरीय आप्त सचिव के पद पर सुनील कुमार श्रीवास्तव को नियुक्त किया है. यह आदेश मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने जारी किया है. अधिसूचना के अनुसार, सुनील श्रीवास्तव को एक दिसंबर 2024 से उट के वरीय आप्त सचिव के रूप में कार्यभार सौंपा जाएगा.

## पलामू डीसी की बड़ी कार्रवाई,उड, इऊड समेत कई अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन पर लगी रोक




राष्ट्र संवाद संवाददाता

झारखंड के पलामू जिलाधिकारी शशि रंजन ने एक सख्त कदम उठाते हुए जिले के 149 चिकित्सकों, एक दर्जन से अधिक इऊड और उड समेत करीब 500 अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगा दी है। यह कार्रवाई समय पर कार्यालय में उपस्थित न होने के कारण की गई है।बताया जा रहा है कि ऊउ शशि रंजन ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि वे सुबह 10:40 बजे तक कार्यालय में पहुंचे। इसके बाद कार्यालय बंद होने के समय 5:00 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। इसके साथ ही बायोमेट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य किया गया था। वेतन की प्रक्रिया भी केवल बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर की जानी थी।लेकिन जब जांच के दौरान बायोमेट्रिक अटेंडेंस के समय का मिलान किया गया। तो उसमें पाया गया कि कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं की। इस कारण उनका वेतन रोका गया है।वहीं, इस आदेश के बाद पलामू के विभिन्न सरकारी कार्यालयों के 50 डॉक्टर, 20 मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, 16 अधीक्षक कार्यालय के तहत कार्यरत डॉक्टर और 63 सीनियर व जूनियर रेजिडेंट्स का वेतन भी रोका गया है।

## गड़जोड़ी में महिलाओं को दिया गया गव्य प्रशिक्षण

कुंडहित/जामताड़ाः गड़जोड़ी पंचायत भवन परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा गव्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ विनय कुमार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग के द्वारा महिला सशक्तिकरण के तहत आयवृद्धि हेतु पशुपालन एवं गव्य विकास योजना की जानकारी महिलाओं को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गाय पालन के लिए सभी वर्ग के लोग इनका लाभ ले सकते हैं।

उन्होंने गाय के प्रकार एंव उनके रखरखाव के बारे में भी जानकारी दी। मौके पर पशुपालन कर्मी मृणाल मंडल के अलावे ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

# जामताड़ा में 300 बेड का अस्पताल और मेंझिया में मेडिकल कॉलेज जल्द बनेगाः स्वास्थ्य मंत्री

निजाम खान। राष्ट्र संवाद

**जामताड़ाः** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री एवं जामताड़ा के विधायक डॉ. इरफान अंसारी के करकमलों द्वारा कमार्टांड प्रखंड अंतर्गत डुमरिया पंचायत के कबरी बरमुंडी मोड़ से कबरी नीचे टोला तक 3 किमी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया।इस सड़क का निर्माण आदिवासी बहुल क्षेत्र के विकास और वहां के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस सड़क के बन जाने से न केवल स्थानीय ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि आसपास के पंचायतों को भी लाभ होगा।इस शुभ अवसर पर मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की यह मांग वर्षों से लंबित थी। मैंने वादा किया था कि यह सड़क जरूर बनेगी, और आज मैं अपना वादा निभा रहा हूँ। यह सड़क न केवल यातायात को सुगम बनाएगी बल्कि क्षेत्र में विकास के नए रास्ते भी खोलेगी।मंत्री ने आगे कहा कि झारखंड की जनता ने हमेशा विकास को प्राथमिकता दी है और जात-पात तथा गलत प्रचार से प्रभावित नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जब भाजपा फर्जी मुद्दों, घुसपैठियों और जातीय जहर फैलाने में लगी थी, तब जामताड़ा की जनता ने सही निर्णय लेकर हेमंत सोरेन को दोबारा मुख्यमंत्री चुना और मुझे तीसरी बार विधायक बनाया। उन्होंने जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि जामताड़ा की जनता की परंपरा रही है कि लोकसभा में गुरुजी और विधानसभा में फुरकान अंसारी को चुनती रही है, और यही परंपरा अब भी कायम है।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी दी है, और वह झारखंड को बीमारी मुक्त करने के संकल्प के साथ काम करूंगा।कहा कि आज झारखंड की स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार बेहतर हो रही हैं। सरकारी अस्पतालों में अब मरीजों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। किसी भी अस्पताल में अब मरीज की मृत्यु के बाद पैसे की मांग नहीं होती, क्योंकि सभी को मालूम है कि अगर स्वास्थ्य मंत्री तक शिकायत पहुंच गई, तो कार्रवाई तय है।कहा कि आने वाले बजट में जामताड़ा के स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिलेगा। इसके तहत जामताड़ा में 300 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल बनेगा।जामताड़ा के मेंझिया में मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी।हर पंचायत में हाई-टेक लैब बनेगी, जहां ग्रामीणों को जांच की सुविधा मिलेगी।कहा कि झारखंड सरकार की निष्पक्ष, पारदर्शी और विकासोन्मुखी नीति के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहा है।



## मुगमा के डीनोबली स्कूल में पुलिस की पाठशाला, छात्रों को सुरक्षा और जागरूकता का पाठ



राष्ट्र संवाद ,संवाददाता , ओम प्रकाश शर्मा

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार निरसा अनुमंडल के मुगमा स्थित डीनोबली स्कूल में पुलिस की पाठशाला आयोजित की गई। एसडीपीओ रजत मनिक बाखला और निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियम, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशे से बचाव और घरेलू हिंसा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से समाज को सुरक्षित बनाने में जागरूक भूमिका निभाने की अपील करते हुए बताया कि किसी भी तरह की समस्या आने पर 112 नंबर डायल कर पुलिस से तुरंत सहायता ली जा सकती है। इस दौरान छात्रों को पढ़ाई के साथ खेलकूद और सेहत पर ध्यान देने की सीख भी दी गई।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने बच्चों के सवालों के जवाब दिए और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। ₹पुलिस की पाठशाला₹ से विद्यार्थियों में सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा मिला, जिससे वे खुद को और समाज को सुरक्षित रखने में मदद कर सकें।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कमार्टांड़ प्रखंड के मटटांड में किया कमेटी का पुनर्गठन

राष्ट्र संवाद/जामताड़ा

झामुमो ने अपने सदस्यता अभियान के तहत कमार्टांड़ प्रखंड के मटटांड पंचायत कमेटी का विधिवत पुनर्गठन किया। इस आयोजन में झामुमो के संयोजक मंडलीय सदस्य मो जमीरउद्दीन अंसारी की उपस्थिति में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इस बैठक में पार्टी कार्यकताओं ने सर्वसम्मति से पंचायत के पदाधिकारियों का चयन किया। पंचायत अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित विभिन्न सदस्य पदों के लिए चुनिंदा व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। यह पुनर्गठन पंचायत स्तर पर झामुमो पार्टी को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस पुनर्गठन को झामुमो पार्टी के जनाधार को बढ़ाने और उसे सशक्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। इस अवसर पर मो जमीरउद्दीन अंसारी ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य पंचायत स्तर पर जनहित के कार्यों को बढ़ावा देना और समाज में न्याय, समानता और समृद्धि लाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा किए गए इस पुनर्गठन से आगामी चुनावों में पार्टी की ताकत में इजाफा होगा और पंचायतों में झामुमो का प्रभाव और मजबूत होगा। पंचायत स्तर पर कार्यकताओं के बीच संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया और कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।



## खामारवाद झामुमो पंचायत का हुआ विधिवत पुनर्गठन




राष्ट्र संवाद संवाददाता रफीक अंसारी

फतेहपुर जामताड़ा

फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत खामारवाद पंचायत में बुधवार को झामुमो पंचायत कमेटी का पूनर्गठन किया गया। इसी दौरान मुख्य रूप से पर्यवेक्षक वकील सोरेन, अरबिंद मुर्मू, हिदायत मियाँ, अशोक महतो के उपस्थिति में सर्वसम्मति से खामारवाद पंचायत अध्यक्ष संतोष कुमार यादव , सचिव रवि किस्कू को चुना गया।

वहीं कोषाध्यक्ष उमापद बाउरी,मीडिया प्रभारी अनुप कुमार यादव,उपाध्यक्ष लालबाबू हेम्ब्रम, गिरिधारी महतो,लखीलाल सोरेन सह सचिव हरि सोरेन, महेश्वर मुर्मू सुनील हाँसदा,संगठन मंत्री राम चन्द्र महतो, राजीव राणा,निरंजन किस्कू को बनाया गया। इसी मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी की ओर से शुभकामनाएं दी। कहा कि पार्टी आप सबों के ऊपर विश्वास करती है, जो दायित्व सौंपा गया है उसे पार्टी हित में निभायेंगे।

इसी दौरान अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना, कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन का कार्य करना तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में प्रशासनिक पदाधिकारियों को सहयोग करना उनकी पहली प्राथमिकता है।

# उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा कुमुद सहाय की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की आहूत बैठक संपन्न

राष्ट्र संवाद सं

**जामताड़ाः** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा श्रीमती कुमुद सहाय (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई।

बैठक में मंडल कारा के नए जेल निर्माण स्थल हेतु पाथरचपड़ा हेतु जलापूर्ति के निमित्त प्राक्कलन, कारा की सुरक्षा, कारा में कैदियों, बंदियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, कैदियों, बंदियों के परिजनों से मुलाकाती, स्वास्थ्य सुविधाएं, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा की क्रियाशीलता, ड्रैगन लाइट, जैमर, टेलीफोन बूथ, वाकी टॉकी, सायरन, जालीनुमा बैरिकेडिंग, इलेक्ट्रिक फेंसिंग, रिक्त पदों पर कक्षपालों का पदस्थापन सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया गया। वहीं इस क्रम में उपायुक्त द्वारा विगत बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की गई एवं जरूरी निर्देश दिया गया। इसके अलावा मंडल कारा में संसीमित बीमार बंदियों को सदर अस्पताल जामताड़ा में इलाज कराने को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदर अस्पताल जामताड़ा में कैदी वार्ड में सिविल कार्य कराने का निर्देश दिया गया। मंडल कारा जामताड़ा के संसीमित महिला बंदियों को सिलाई, कटाई, बुनाई, कढ़ाई के निमित्त एक महिला प्रशिक्षका का प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया

वही बैठक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि कारा की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए।



## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बेहतर समाज का निर्माण संभव हैः उपायुक्त

राष्ट्र संवाद सं

**जामताड़ाः** कंबाइंड बिल्डिंग स्थित एसजीएसवाई सभागार में झारखंड शिक्षा परियोजना जामताड़ा के बैनर तले एकदिवसीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्रीमती कुमुद सहाय (भा.प्र.से.) के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्रीमती कुमुद सहाय(भा.प्र.से.), जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री पंकज कुमार रवि सहित मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जामताड़ा की छात्राओं के द्वारा अतिथियों के लिए स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।

मुखिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा के सशक्तिकरण के लिए पंचायत को मजबूत होना होगा। लड़के और लड़कियों के शिक्षा मे भेदभाव की भावना को दूर करना होगा। जिला में बेहतर शिक्षा का माहौल बनाएं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बेहतर समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी मुखिया को उनके कर्तव्य बोध का एहसास करते हुए कहा कि मुखिया अपने कर्तव्य और अधिकार के बीच सामंजस्य स्थापित कर अपने पंचायत के विद्यालय को स्वच्छ सुदृढ़ बनाएं। मुखिया स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उन्हें समझाएं । उपायुक्त ने मुखिया को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत और ग्राम के प्रधान मुखिया ही हैं। मुखिया पंचायत फंड से स्कूल में शौचालय एवं चहारदीवारी का निर्माण और पौधारोपण कराएं। प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में में जिस पंचायत का उत्कृष्ट परिणाम आया है, उसे जिला प्रशासन और समग्र शिक्षा अभियान के द्वारा मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जा रहा है।

## शादी की नियत से नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का मामला हुआ दर्ज, युवक गया जेल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जामताड़ा ।** बिन्दापाथर थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की के पिता ने हाथधारा गांव के निवासी प्रकाश गोराई (22),पिता श्मापद गोराई के विरुद्ध अपनी नबालिग बेटी को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए थाना में आवेदन दिया है।थाना प्रभारी बालाजी राजहँस ने कहा कि आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना में दिए आवेदन में लड़की के माता ने उल्लेख किया है कि मेरी बेटी को प्रकाश गोराई अपने साथ शादी की नीयत से बहला फुसलाकर लेकर भाग गया है। इस मामले में थाना कांड संख्या 15/25 के तहत भावादि धारा 137 (2)/87 बीएनएस दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।

# गोविंदपुर हाउसिंग कॉलोनी में JNAC द्वारा डोर टू डोर कचरा उठाव शुरू

राष्ट्र संवाद संवाददाता

गोविंदपुर हाउसिंग कॉलोनी में कचरा निस्तारीकरण एक बड़ी समस्या थी। अर्ध शहरी क्षेत्र होने के कारण जनसंख्या घनत्व बहुत ज्यादा होने के कारण कचरे का निष्पादन नहीं हो पा रहा था। बीमारियों का खतरा बना हुआ था। विगत 2 वर्षों से जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष द्वारा खठअउ से शुल्क के आधार पर मांग की जा रही थी, स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए JNAC से त्रिपक्षीय वार्ता कर पहले चरण में 2 गाड़ी के माध्यम से हाउसिंग कॉलोनी से इसकी शुरूआत की गई है।

इस संबंध में विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि अभी 2 गाड़ी के माध्यम से कचरा का कलेक्शन किया जा रहा है




आने वाले दिनों में आवश्यकता के अनुसार योजना को प्राइवेट कॉलोनी में भी किया जाएगा एवं विधायक फंड से 2 और अतिरिक्त गाड़ी की व्यवस्था की जायेगी। हमारा प्रयास गोविंदपुर के साथ साथ आने वाले दिनों में परसुडीह, घोड़ाबांधा क्षेत्र में भी। योजना को शुरू करने की है।

जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है, जो कि जनसहभागिता से ही पूरी होगी। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सामाजिक सहयोग की अपेक्षा है। सर्वप्रथम JNAC के सुपरवाइजर द्वारा घर घर जा कर सर्वे फॉर्म भरा जाएगा, जिसके बाद प्रत्येक घर को एक उपभोक्ता क्रमांक दिया जाएगा एवं शिकायत के लिए ऑन लाइन पोर्टल भी दिया जाएगा।

JNAC के द्वारा सर्वप्रथम 100 रुपया शुल्क निर्धारित किया गया था, मगर विधायक मंगल कालिंदी के प्रयास से प्रत्येक घर से 80 रुपया एवं दुकानों से 100 रुपया शुल्क लेने पर सहमति बनी।

## समयसारिणी के अनुसार स्कूली बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करायें: उपायुक्त

राष्ट्र संवाद संवाददाता

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा पीएम पोषण योजना में प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के बीच पोषाहार वितरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, रसोईघर की स्थिति आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। स्कूली बच्चों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत बच्चों के पोषण की स्थिति में सुधार लाने, कुपोषण को रोकने के लिए नियमित पौष्टिक आहार देने तथा बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी करने का निदेश दिया गया । साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी साग-सब्जी, फल, अनाज आदि भी मेन्यू में शामिल करने की बात कही गई । उपायुक्त ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य एवं पोषण महत्वपूर्ण विषय है, नियमित रूप से राष्ट्रीय



बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत समयसारिणी बनाते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करायें। उन्होने शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभागीय पदाधिकारी को आपसी समन्वय से कार्य करने का निदेश दिया। साथ ही स्वच्छ वातावरण में खाना बनाने को लेकर स्कूलों में रसोई घर के स्थिति की समीक्षा की गई । जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 220 रसोईघर शेड का निर्माण किया गया है, 278 नए शेड का निर्माण करना है। उपायुक्त द्वारा डीएमएफटी फंड से रसोईघर शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव बढ़ाने का निर्देश शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को दिया गया ।

बैठक में भवनहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के विद्युतीकरण की स्थिति की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । उप विकास आयुक्त श्री अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संध्या रानी, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री आशीष पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री मनोज कुमार, सभी बीईईओ, बीपीओ व शिक्षक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

## जिला परिषद महोदया पूर्णिमा मल्लिक किस राजनीतिक दबाव की बात कह रही है खुलासा करे:अप्पू तिवारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

आजसू जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला परिषद सदस्या श्रीमती पूर्णिमा मलिक जी के द्वारा खासमहल से गोबिंदपुर सड़क निर्माण की मांग उपायुक्त महोदय से किए उनका इस कदम का आजसू पार्टी स्वागत करती है और बधाई देती है लेकिन उनके द्वारा मीडिया को संबोधित करते हुए एक वीडियो आया जिसमें राजनीति का शिकार उक्त सड़क निर्माण का आरोप लगाया है आजसू पार्टी यह जानना चाहती है कि चुनावी जुमले की तरह कार्य निर्माण की शुरूआत खासमहल से गोबिंदपुर रेलवे फाटक तक की सड़क का निर्माण कार्य झामुमो विधायक द्वारा शिलान्यास कर की गई थी , और उसके लिए बड़े पैमाने पर लड्डू वितरण भी हुआ था लेकिन चुनाव खत्म होते ही ठिकेदार गायब और टेंडर खत्म और अब उसी कार्य के निर्माण



हेतु झामुमो नेता सह जिला परिषद सदस्या और उनके प्रतिनिधि द्वारा उक्त शिलान्यास और निर्माण कार्य पर राजनीतिक साजिश की बात कही गई .?

आजसू पार्टी पुनः पूछना चाहती है कि कौन किया है उक्त सड़क निर्माण पर साजिश किस राजनेता या राजनीति के शिकार उक्त सड़क हुआ क्योंकि उस सड़क से आवागमन होने वाले लोग सबसे ज्यादा पीड़ित प्रताड़ित और साजिश के शिकार हो रहे है ,आखिर किस नेता की इतनी अहमियत हो गई कि एक सत्ताधारी विधायक के टेंडर जो चुनाव से पूर्व शुरू होता है और चुनाव खत्म होते ही टेंडर खत्म हो जाता है और इसके लिए पुनः उसी विधायक के करीबी और सत्ताधारी दल के जिला परिषद सदस्या और उनके प्रतिनिधि उपयुक्त महोदय से सड़क निर्माण की मांग करते है और आरोप लगाते है कि सड़क राजनीति का शिकार हो गया .??आजसू पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह के गंदे और घिनौने खेल जनता के साथ खेलना छोड़ दे क्योंकि आजसू पूरे मामले पर नजर गड़ाई हुई है हर विषयों का माकूल जबाव देने के लिए सही समय पर जनता के बीच जायेगी और जनांदोलन करेगी कि कैसे जिला परिषद सदस्या और स्थानीय विधायक एक दूसरे पर आरोप लगा कर राजनीतिक रोटी सेक रहे है ।

## डी.बी.एम.एस.कॉलेज के कॉलेज ऑडिटोरियम में शिक्षकों और छात्रों के बीच बजट 2025 के विषय पर हुई चर्चा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

डी.बी.एम.एस.कॉलेज के अध्यक्ष और डी.बी.एम.एस के ट्रस्ट के चेयरपर्सन श्री बी चंद्रशेखर ने कॉलेज ऑडिटोरियम में शिक्षकों और छात्रों के बीच बजट 2025 के विषय में विस्तार से चर्चा की उन्होंने बी.एड के छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि जीडीपि किन परिस्थितियों में बढ़ता है और प्रति व्यक्ति आय से इसका क्या संबंध है उन्होंने कहा की आज विश्व में सबसे बड़े इकोनामी में अमेरिका प्रथम स्थान पर है और भारत पांचवें स्थान पर है, लेकिन 2030 तक पांच ट्रिलियन का लक्ष्य इस बार दिया गया है

श्री बी.चंद्रशेखर ने दो तरह के



संरचना की चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक और आर्थिक संरचनाओं से भी जीडीपी बढ़ता है आज भारत में 50 हवाई अड्डे हैं लेकिन 130 हवाई अड्डा का बजट बनाया गया है जिससे रोजगार बढ़ेंगे. निवेश कई गुना बढ़ेगा. उडेगा देश का आम आदमी (उड़ान) की भी चर्चा उन्होंने की शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोग किए जा रहे हैं जैसे एट एल अटल टिंकरिंग लैब के लिए 50000 और आईआईटी तथा आईएससी के लिए स्कॉलरशिप की भी घोषणा हुईं कुछ रोचक जानकारियां बी.एड के छात्रों से साझा करते हुए बताया कि इस बजट को बनाने वाले लोग 10 दिन तक घर नहीं जाते और इसकी गोपनीयता बनाए रखते हैं प्रधानमंत्री तक को बजट के विषय में नहीं बताया जाता बजट पेश करने के 10 मिनट पहले वित्त मंत्री प्रधानमंत्री को सूचित करती हैंबजट की गोपनीयता इतनी होती है कि जब हलवा उत्सव वित्त मंत्री द्वारा सबों के साथ मनाया जाता है तभी बजट को प्रिंटिंग के लिए भेजा जाता है. प्रतिवर्ष 1 फरवरी को बजट संसद में पेश किया जाता है इस वर्ष 1 फरवरी शनिवार था और स्टॉक मार्केट बंद था इसलिए स्टॉक मार्केट की कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई अन्यथा बजट के पेश होने के साथ ही स्टॉक मार्केट में उतार चढाव देखा जा सकता है इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन की सचिव श्रीमती श्रीप्रिया धर्मराजन ,प्राचार्या डॉक्टर जूही समर्पित तथा उप प्राचार्य डॉक्टर मोनिका उप्पल भी इस सत्र में उपस्थित थी

## बेलगाम अपराधियों का तांडव, धतकीडीह में दिनदहाड़े गोलीबारी, घटनास्थल पर पहुंचे ,सिटी एसपी और सीसीआर डीएसपी



राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर में बेलगाम अपराधियों का तांडव जारी है. जहां बुधवार दिनदहाड़े बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धतकीडीह मुख्य मार्ग पर अपराधी रहे स्वर्गीय मुन्ना घोष के शिवम घोष की गोली मारकर फरार हो गए घटनास्थल पर पहुंचे एसपी सिटी और सीसीआर डीएसपी स्थानीय लोगो में आक्रोश देखा गया। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. बता दे कि शिवम घोष मुन्ना घोष का बेटा था और धतकीडीह मेडिकल बस्ती में रहता था. प्रत्यक्ष दशींयों की माने तो शिवम सहित कुल तीन दोस्त सामान लेने मार्किट गए थे, इसी दौरान कई हमलावर मौके पर पहुंचे और पहले शिवम के साथ मारपीट की जिसके बाद शिवम को तीन गोलियां मारकर मौके से फरार हो गए. आनन- फानन में शिवम को टाटा मुख्य अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है. इधर सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है.

## सुधार के नाम पर वकील समुदाय पर अंकुश लगाना चाहती है केंद्र सरकार: कुलविंदर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** कौमी सिख मोर्चा अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार सुधार के नाम पर वकीलों पर सरकारी अंकुश लगाना चाहती है। जिसका देश भर के वकील डटकर विरोध करेंगे।

कुलविंदर सिंह के अनुसार वकालत एक पवित्र पैसा है और यहां जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और दलीय राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार यदि सोच रही है कि देश के ज्यादातर वकील उनकी विचारधारा से प्रभावित हैं और वे दलीय राजनीति के करण अधिवक्ता अधिनियम 1961 के



संशोधन को स्वीकार कर लेंगे तो यह उसकी गलतफहमी है।

क्योंकि अंकुश सभी वकीलों पर लगेगा और उसकी विचारधारा से प्रभावित वकील इसके अपवाद नहीं रहेंगे। केंद्र की मोदी सरकार आखिरकार क्यों बार काउंसिल ऑफ इंडिया में अपना तीन प्रतिनिधि को शामिल करने का अधिकार प्राप्त करना चाहती है।

मनोनीत सदस्यों की बुनियाद पर बार काउंसिल आफ इंडिया का पूरा नियंत्रण अप्रत्यक्ष रूप से केंद्र सरकार अपने हाथ में रखना चाहती है। सरकार संशोधन के माध्यम से बार काउंसिल ऑफ इंडिया को निर्देश देने का अधिकार चाहती है जिसके मार्फत वह अधिनियम नियम को प्रभावी ढंग से लागू कर सके

अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने बार काउंसिल आफ इंडिया की सराहना की है कि इस प्रस्तावित प्रारूप के खिलाफ बैठक आहूत की है, जिससे सरकार इस तरह की तानाशाही की ओर बढ़े कदम को वापस ले सके।

## ईस्ट प्लांट बस्ती मे आगामी 29 मार्च से नौ कुण्डीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का होगा आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर के ईस्ट प्लांट बस्ती मे आगामी 29 मार्च से नौ कुण्डीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा है, जिसमे श्रीमद भागवद एवं श्री राम कथा का आयोजन होना है, इसकी जानकारी आयोजन समिति के द्वारा एक वार्ता के दौरान दी गई, आयोजन समिति के अनुसार 10 मार्च को ध्वजारोहन किया जायेगा जिसके उपरांत 29 मार्च से अनुष्ठान प्रारम्भ होगा जो 5 अप्रैल को भंडारे के साथ समाप्त होगा, अनुष्ठान के दौरान बनारस से आये तपोमूर्ति तृड़ंडीस्वनी संत सुन्दर राज




समेत संतों द्वारा कथा वाचन किया जायेगा, जगत कल्याण हेतु पहली बार इसका आयोजन किया जा रहा है जो आगे भी हर वर्ष जारी रहेगा.

पत्रकार वार्ता में राजेश कुमार झा महासचिव, कोषाध्यक्ष बिनोद शाही, गंगाधर पांडे, यज्ञ प्रभारी कुलवंत सिंह बंटी, प्रदीप कुमार झा, प्रदीप कुमार मलिक ,राज किशोर शाही, मनोज श्रीवास्तव, मोहन चौबे, दुर्गा राव, संतोष ठाकुर, संजय जी, अनमोल सिंह, जवाहर प्रसाद संजीव पांडे, राम सूरत राम, ब्यूटी तिवारी, अधिवक्ता विनीता मिश्रा , रिपु शर्मा, मुन्ना चौबे, प्रीति सिंह ने अपनी बातों को रखा

## टाटा स्टील के एफएएमडी ने सीएनजी ट्रक के माध्यम से पहली बार फेरो क्रोम निर्यात का परीक्षण किया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### कार्बन फुटप्रिंट को न्यूनतम करने की दिशा में एक और कदम

**जाजपुर:** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने बुधवार को जाजपुर में अपने फेरो अलॉयज प्लांट से निर्यात के लिए संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) ट्रक में फेरो क्रोम के अपने पहले आंदोलन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह पहल टाटा स्टील की स्थिरता और लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला संचालन में अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

अग्रणी कदम में एफएपी जाजपुर से विजाग तक सीएनजी ट्रकों में फेरो मिश्र धातुओं की आवाजाही शामिल है, जिससे हाई-स्पीड डीजल ट्रकों की तुलना में सीओ2



में लगभग 20-25% की कमी आती है। इसे वन सप्लाई चेन और टाटा स्टील की खरीद टीम और मेसर्स सीजे डार्कल टीम के सहयोग से निष्पादित किया गया है। लॉजिस्टिक्स (एफएएमडी) के प्रमुख अमित चौबे ने आलोक कुमार पांडा, प्रमुख, एफएपी जाजपुर, सौम्या बसु, वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक, लॉजिस्टिक्स-एफजी (एफएएमडी), मुनमुन ताह, वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक, खरीद, परिवहन (कच्चा माल) और मेसर्स सीजे डार्कल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कंपनी के फेरो अलॉय प्लांट में खेप को हरी झंडी दिखाई।

उपलब्धि पर बोलते हुए, एफएएमडी के कार्यकारी प्रभारी, पंकज सतीजा ने कहा, ह्लहम अपने संयंत्र संचालन में स्वच्छ ईंधन की दिशा में काम कर रहे हैं और हम आपूर्ति श्रृंखला में भी योगदान देना चाहते थे। यह परीक्षण मूल्य श्रृंखला में उत्सर्जन को कम करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। फेरो क्रोम निर्यात के लिए सीएनजी ट्रकों का सफल प्रयोग हरित और अधिक कुशल लॉजिस्टिक्स समाधानों की हमारी निरंतर खोज का एक प्रमाण है।

## सार-संक्षेप

### साकची गोलचक्कर में केदार दास के पुण्यतिथि पर स्मृति सभा का आयोजन




राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर मे मजदूर नेता रहे स्वर्गीय कॉमरेड केदार दास के पुण्यतिथि पर जिला ऐटक द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, इस दौरान शहीद बेदी पर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की जिसके बाद साकची गोलचक्कर पर स्मृति सभा का आयोजन किया गया जहां सभी ने स्वर्गीय कॉमरेड केदार दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मजदूर हितों के रक्षा का संकल्प लिया, मौके पर ऐटक के राज्य सचिव अम्बुज ठाकुर ने बताया की कॉमरेड केदार दास ने मजदूर हितों की रक्षा हेतु अपने प्राणो की आहुति दी थी, आज उन्हें याद करते हुए हम सभी मजदूर हितों की रक्षा का संकल्प लेते हैं, उन्होने कहा की शहर मे मौजूद टाटा कंपनी लगातार ठेका प्रथा को बढ़ावा दे रही और स्थाई मजदूरों की छठनी हो रही है, देश भर मे सरकारी उपक्रम निजी हाथों मे जा रहे हैं और ऐटक इसके खिलाफ देश भर मे आंदोलनरत है और यह सिलसिला जारी रहेगा.

### बमामाईंस कमेटी ने ज्योति सिंह मठारू को सम्मानित किया



राष्ट्र संवाद संवाददाता

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह मठारू को बुधवार को रांची में बमामाईंस गुरुद्वारा कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया।

सरदार सतबीर सिंह सोमु के अनुसार सरदार ज्योति सिंह मठारू झारखंड निर्माण आंदोलन में काफी सक्रिय रहे और उनकी भूमिका को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार ने आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित कर पहचान दी है। झारखंड का सिख समाज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करता है और ज्योति सिंह को बधाई देता है। अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष एवं कमेटी के सरदार रविंद्र सिंह खालसा एवं अन्य ने गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।इस मौके पर कमेटी के सरदार सुखपाल सिंह, हरभजन सिंह, दलविंदर सिंह आदि भी उपस्थित थे।

### 21 से 7 मार्च तक जुबली पार्क में वाहनों के प्रवेश पर लगा रोक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर की जुबली पार्क के सभी गेट 21 फरवरी से लेकर 7 मार्च तक के लिए बंद कर दिए जाएंगे। जिसको द्वारा एक सरकुलेशन जारी कर या सूचना दी गई। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष की थर्ड मार्च मनाया जाएगा। प्रतिवर्ष लाइटिंग के साथ सजा हेतु जुबली पार्क के सभी गेट बंद कर दिए जाते हैं ताकि लाइट सज्जा में किसी प्रकार की बिजली कारीगरों को परेशानी ना हो। इसी कार्य को देखते हुए वाहनों का आवागमन सभी गेटों से रोक दिया जाता है। और आम जनता के सामान्य प्रवेश पर पैदल यात्रियों के लिए आवाजाही नहीं रुकी जाती। संस्थापक दिवस की तैयारी हेतु वाहनों के आवाजाही पर रोकलगा दी गई है।

### जमशेदपुर में छत्तीसगढ़ी फिल्म ह्यलॉकडाउन के मयाह्य का पोस्टर लॉन्च



राष्ट्र संवाद संवाददाता

छत्तीसगढ़ी फिल्म लॉकडाउन के मया का पोस्टर लॉन्च बुधवार को गोलमुरी स्थित एक होटल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पूर्णिमा साहू और विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता दिनेश कुमार उपस्थित रहे। फिल्म निमार्ता डॉ. जे.के. देवांगन ने बताया कि लॉकडाउन के मया आगामी 21 मार्च 2025 को जमशेदपुर के मिराज सिनेमा हॉल (गोलमुरी) में रिलीज होगी। फिल्म के सह-निमार्ता डॉ. प्रतिमा देवांगन, निर्देशक एवं लेखक एम.डी. हबीब, तथा प्रोडक्शन मैनेजर उदय साहू हैं। फिल्म में ज्यादातर कलाकार छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि कुछ जमशेदपुर के भी हैं। मुख्य भूमिकाओं में अभिनेता शीवा साहू, नितिन ग्वाला और अभिनेत्री स्नेहा देवांगन नजर आएंगी, जो इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं। फिल्म की 90 प्रतिशत शूटिंग जमशेदपुर में हुई है और यह लॉकडाउन के दौरान लोगों की आपसी मदद की कहानी को दशार्ती है। जमशेदपुर में लगभग 25 वर्षों के बाद छत्तीसगढ़ी फिल्म रिलीज हो रही है, जिसे लेकर दर्शकों में उत्साह है। पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में डॉ. जे.के. देवांगन, डॉ. प्रतिमा देवांगन, स्नेहा देवांगन, एम.डी. हबीब, दिनेश साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अगुवाई में सोनारी दोमुहानी संगम घाट पर स्वर्णरेखा महाआरती का होगा आयोजन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

महाशिवरात्री के पावन अवसर पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अगुवाई में सोनारी दोमुहानी संगम घाट पर स्वर्णरेखा महाआरती का आयोजन किया जा रहा है,आज आमंत्रण पत्र वितरण के कार्य का शुभारंभ करने से पहले रंकिणी मंदिर कदमा में कार्यकताओं ने पूजा अर्चना कर महादेव को प्रथम आमंत्रण पत्र समर्पित किया.इस दौरान मनोज झा,बबुआ झा,राजा मंडल, रोशन सिंह,किट्टू पाजी,आशीष मलिक सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# संपादक की कलम से

## भारत और कतर के ऐतिहासिक संबंधों का नया अध्याय

देवानंद सिंह




भारत और कतर के बीच पारंपरिक संबंधों की गहरी जड़ें हैं, जो कई दशकों से मजबूती के साथ फल-फूल रहे हैं। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमाद अल-थानी की भारत यात्रा इस गहरे रिश्ते का एक और महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसने भारत और कतर के द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने का अवसर प्रदान किया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर के बीच मुलाकातों से न केवल द्विपक्षीय व्यापार, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी के नए अवसरों की तलाश भी तेज हो गई है।

यह बात उल्लेखनीय है कि भारत और कतर के कूटनीतिक संबंधों की शुरूआत 1970 के दशक में हुई थी, जब कतर ने भारत में अपना पहला चार्ज द अफेयर्स नियुक्त किया था। इसके बाद कतर ने 1974 में अपना पहला राजदूत भारत भेजा था। यह द्विपक्षीय संबंधों के प्रारंभिक चरण थे, लेकिन समय के साथ इन संबंधों में लगातार मजबूती आई। 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कतर दौरा एक मील का पत्थर था, जब दोनों देशों के बीच सात महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह यात्रा कतर-भारत रिश्तों में एक नया अध्याय साबित हुई, जो पहले से अधिक गहरे और व्यापक साझेदारी के रूप में उभरी। इस समय तक, भारत और कतर के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रिश्ते बेहतर हो चुके थे। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमाद अल-थानी की भारत यात्रा 18 फरवरी 2024 को हुई, जो इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण थी कि दोनों देशों ने न केवल पारंपरिक व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत किया, बल्कि भविष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया। भारत और कतर के बीच व्यापार का इतिहास बहुत पुराना है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। कतर भारत का प्रमुख एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) आपूर्तिकर्ता है, और भारत अपनी एलएनजी की जरूरत का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा कतर से आयात करता है। 2023-24 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 14.08 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें कतर से भारत का आयात 12.38 अरब डॉलर का था। इसके अतिरिक्त, दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में वृद्धि की अपार संभावना है, क्योंकि भारत और कतर नई तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और अन्य भविष्य की परियोजनाओं में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कतर के साथ व्यापारिक रिश्तों का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि कतर भारत को न केवल ऊर्जा संसाधन जैसे एलएनजी और एलपीजी बेचता है, बल्कि उर्वरक, रसायन, एल्यूमीनियम, प्लास्टिक और अन्य उद्योगों के उत्पाद भी भारत को निर्यात करता है। इसके अलावा, भारत कतर को तांबा, लोहा, स्टील, मसाले, सब्जियां और अन्य उत्पादों की आपूर्ति करता है। इस विविध व्यापारिक सहयोग ने दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक बंधन बनाए हैं और भविष्य में इस क्षेत्र में और अधिक वृद्धि की संभावना है।

भारत और कतर के रिश्तों में केवल व्यापारिक या राजनीतिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक रिश्तों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। कतर में भारतीय समुदाय दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है और यहां आठ लाख से अधिक भारतीय नागरिक विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। कतर के आर्थिक विकास में भारतीय श्रमिकों का योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, भारतीय समुदाय ने कतर में चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षा, वित्त, बैंकिंग, व्यवसाय और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। कतर में भारतीय व्यापारियों की भी बड़ी संख्या है, जो व्यापारिक गतिविधियों के माध्यम से दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत बनाते हैं। भारत और कतर के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण रक्षा समझौते हैं, जो भारतीय नौसेना और कोस्ट गार्ड के जहाजों को कतर के बंदरगाहों का दौरा करने की अनुमति देते हैं। कतर भी भारतीय सैनिकों को अपनी रक्षा संस्थाओं में प्रशिक्षण देने के लिए स्लॉट प्रदान करता है। इसके अलावा, दोनों देश अंतरराष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनियों में भी एक साथ भाग लेते हैं, जैसे कि दोहा इंटरनेशनल मैरिटाइम डिफेंस एक्सबिशन एंड कॉन्फ्रेंस।

इसके इतर, भारत और कतर के रिश्तों में भी कुछ चुनौतियां भी रही हैं। 2022 में बीजेपी की प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद के बारे में विवादित टिप्पणी की प्रतिक्रिया के रूप में कतर ने भारत से सार्वजनिक माफी की मांग की थी। हालांकि, भारतीय सरकार ने इस विवाद पर शीघ्र ही कदम उठाते हुए नुपुर शर्मा को पार्टी से निलंबित किया और कतर ने इस कदम का स्वागत किया। यह घटना यह दर्शाती है कि दोनों देशों के रिश्तों में संवेदनशीलता और समझदारी की आवश्यकता होती है, ताकि इस प्रकार के विवादों से निपटा जा सके।

भारत और कतर के रिश्ते अब एक नई दिशा की ओर बढ़ रहे हैं, जहां न केवल व्यापार और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग है, बल्कि नई तकनीकों, रक्षा और सांस्कृतिक साझेदारी में भी अवसर बढ़ रहे हैं। 2024 में पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड और कतर एनर्जी के बीच एलएनजी आपूर्ति के लिए समझौता, कतर और भारत के बीच ऊर्जा के क्षेत्र में मजबूत साझेदारी को प्रदर्शित करता है। इसके अतिरिक्त, कतर की ओर से भारत के लिए निरंतर बढ़ता हुआ व्यापारिक महत्व यह संकेत देता है कि भारत, कतर के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार बना रहेगा। दोनों देशों के बीच बढ़ती हुई तकनीकी, व्यापारिक और सांस्कृतिक साझेदारी यह दिखाती है कि भविष्य में भारत और कतर के रिश्ते और भी मजबूत होंगे, जिससे क्षेत्रीय और वैश्विक मंच पर उनकी स्थिति मजबूत हो सकती है।

कुल मिलाकर, भारत और कतर के रिश्ते न केवल ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहे हैं, बल्कि वर्तमान में भी ये विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ते हुए दिखते हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, संस्कृति, रक्षा और समाज के विभिन्न पहलुओं में सहयोग बढ़ रहा है। कतर के अमीर की भारत यात्रा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किए गए प्रयास, इन रिश्तों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में सहायक साबित हो रहे हैं।

हालांकि, दोनों देशों को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन उनके बीच सामंजस्य और समझ की भावना उन्हें एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करती है। आने वाले वर्षों में, भारत और कतर के रिश्तों में और भी गहरी दोस्ती और साझेदारी की संभावना है, जो दोनों देशों के लाभ के लिए काम करेगी।



# सामाजिक न्याय की पिच पर नई सोशल इंजीनियरिंग अपेक्षित

ललित गर्ग



विश्व सामाजिक न्याय दिवस सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की आवश्यकता को पहचानने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसमें गरीबी, लैंगिक असमानता, महंगाई, महिला अत्याचार, बेरोजगारी, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों से निपटने के प्रयास शामिल हैं। यह दिवस प्रतिवर्ष 20 फरवरी को मनाया जाता है और यह आयोजन हर साल हमें अधिक निष्पक्ष, अधिक न्यायसंगत, अधिक समान, अधिक मानवीय समाज बनाने की आवश्यकता की याद दिलाना। इसका उद्देश्य हमें यह पहचानने में मदद करना है कि मनुष्य के रूप में हमने जितनी भी प्रगति की है, उसके बावजूद कई बाधाएं अधिसंख्य लोगों को एक निष्पक्ष एवं समानतापूर्ण जीवन जीने से रोकती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है ह्यसमावेश को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतराल को पाटनाह्ल। थीम प्रणालीगत असमानता को दूर करने में समावेशी नीतियों, निरंतर सीखने और सामाजिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। इसे पहली बार साल 2009 में मनाया गया था। दुनिया में बढ़ती समस्याओं को देखते हुए आज सामाजिक न्याय की जितनी जरूरत है उतनी पहले शायद पहले नहीं थी। दुनिया में राजनैतिक विभाजन पहले से अधिक हो रहा है एवं समुदायों में असुरक्षा ज्यादा बढ़ती दिख रही है। हम सब मिलकर जाति-धर्म, गरीबी- अमीरी, वंश-वर्ग आदि सारे भेदभाव को भुलाकर एक स्वस्थ एवं आदर्श समाज की स्थापना करें और मानव अधिकारों का सम्मान करें, यही इस दिवस का मूल उद्देश्य है। सामाजिक न्याय की पिच पर ही नई सोशल इंजीनियरिंग तैयार हो सकती है।

यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो आज अधिक प्रासंगिक है। इस संदर्भ में निष्पक्षता का अर्थ है शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवा, न्याय और अन्य के समान मानकों तक समान पहुंच। सभी की इन चीजों के समान मानकों तक समान पहुंच होनी चाहिए, चाहे उनकी जाति, धर्म, लैंगिकता, लिंग या वर्ग कुछ भी हो। विश्व सामाजिक न्याय का मतलब है, ऐसा समाज बनाना जहां सभी लोगों को समान अधिकार, अवसर और व्यवहार मिलें। सामाजिक न्याय के जरिए समाज की आर्थिक और सामाजिक विषमताओं को कम करने की कोशिश की जाती है और सभी नागरिकों को सामाजिक समानता देने के प्रयास किये जाते हैं। समाज की सामान्य भलाई के लिए दूसरों की देखभाल एवं सहायता करने की जिम्मेदारी और सभी को अपनी जिंदगी में सुधार करने के लिए समान अवसर मिले, इसके लिये यह दिवस एक आह्वान है। सामाजिक न्याय की आकांक्षा, यह सुनिश्चित करती है कि हर कामकाजी पुरुष और महिला को अपने योगदान के मुताबिक उचित हिस्सा मिले, जो सामाजिक न्याय,



सामाजिक एकजुटता, आर्थिक विकास, और मानव प्रगति के लिए जरूरी है।

विश्व सामाजिक न्याय दिवस को सफल बनाने के लिए कई देश एक साथ मिलकर बेरोजगारी, गरीबी, जाति भेदभाव, लिंग और धर्म के नाम पर बंटे लोगों को एकजुट करने की कोशिश करते हैं। भारत में भी सदियों से लोगों को समान अधिकार देने का विधान रहा है। इसके लिए भारतीय संविधान में सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए कई प्रावधान हैं। समाज में यह जागरूकता फैलाने की जरूरत है कि सभी एक हैं और किसी में भी कोई भेदभाव नहीं देखना चाहिए। भारत सरकार भी कई योजनाएं चला रही हैं। एक विचार के रूप में सामाजिक न्याय की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है। इसके मुताबिक किसी के साथ सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। हर किसी के पास इतने न्यूनतम संसाधन होने चाहिए कि वे ह्यउत्तम जीवनह्ल की अपनी संकल्पना को धरती पर उतार पाएँ। विकसित हों या विकासशील, दोनों ही तरह के देशों में राजनीतिक सिद्धांत के दायरे में सामाजिक न्याय की इस अवधारणा और उससे जुड़ी अभिव्यक्तियों का प्रमुखता से प्रयोग किया जाता है। भारत जैसे देश में सामाजिक न्याय का नारा वंचित समूहों की राजनीतिक गोलबंदी का एक प्रमुख आधार रहा है। उदारतावादी मानकीय राजनीतिक सिद्धांत में उदारतावादी-समतावाद से आगे बढ़ते हुए सामाजिक न्याय के सिद्धांतीकरण में कई आयाम जुड़ते गये हैं। मसलन, अल्पसंख्यक अधिकार, बहुसंस्कृतिवाद, मूल निवासियों के अधिकार आदि। इसी तरह, नारीवाद के दायरे में स्त्रियों के अधिकारों को लेकर भी विभिन्न स्तरों पर सिद्धांतीकरण हुआ है और स्त्री-सशक्तीकरण के मुद्दों को उनके सामाजिक न्याय से जोड़ कर देखा जाने लगा है।

अनेक असमानताओं, आग्रहों, समस्याओं के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में सामाजिक न्याय के उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, नयी-नयी योजनाओं को लागू किया है। मोदी सरकार का सामाजिक न्याय का तरीका समाज में विभेद करने का नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने का है। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को समाज के वंचित एवं हाशिए पर पड़े वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के शिकार लोगों आदि के कल्याण, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण का दायित्व सौंपा गया है। मोदी ने कहा भी है कि सामाजिक न्याय, तुष्टिकरण से नहीं, संतुष्टिकरण से आता है। सरकार के द्वारा कई योजनाएं के अंतर्गत लोगों को समान अधिकार देने की कोशिश की जा रही है। साथ ही समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव, ऊंचनीच को जड़ से समाप्त करते हुए इससे समस्त समाज का एकसाथ विकास का प्रयास हो रहा है।

हम जिस लोकतंत्र में जी रहे हैं वह लोक-समानता का लोकतंत्र है या लोक-विभेद का? हम जो स्वतंत्रता भोग रहे हैं वह समानता की स्वतंत्रता है या अराजक एवं असमानता की? हमने आचरण की पवित्रता एवं पारदर्शिता की बजाय कदाचरण एवं अनैतिकता की कालिमा का लोकतंत्र बना रखा है। ऐसा लगता है कि धनतंत्र एवं सत्तातंत्र ने जनतंत्र को बंदी बना रखा है। हमारी न्याय-व्यवस्था कितनी भी निष्पक्ष, भव्य और प्रभावी हो, फ्रांसिस बेकन ने ठीक कहा था कि ह्यह ऐसी न्याय-व्यवस्था है जिसमें एक व्यक्ति की यंत्रणा के लिये दस अपराधी दोषमुक्त और रिहा हो सकते हैंह्ल रोमन दार्शनिक सिसरो ने कहा था कि ह्यमनुष्य का कल्याण ही सबसे बड़ा कानून हैह्ल लेकिन हमारे देश के कानून एवं शासन व्यवस्था को देखते हुए ऐसा प्रतीत नहीं होता, आम आदमी सजा का जीवन जीने को विवश है। सामाजिक न्याय के लिए सामाजिक एकता भंग नहीं की जा सकती। नहीं तो फिर रह क्या जाएगा हमारे पास। टमाटर, प्याज के आसमान छूते भाव-प्रतिदिन कोई न कोई कारण महंगाई को बढ़ाकर हम सबको और धक्का लगा जाता है और कोई न कोई टैक्स, अधिभार हमारी आय को और संकुचित कर जाता है। जानलेवा प्रदूषण ने लोगों की सांसों को बाधित कर दिया, लेकिन हम किसी सम्यक समाधान की बजाय नये नियम एवं कानून थोप कर जीवन को अधिक जटिल बना रहे हैं। सामाजिक न्याय व्यवस्था तभी सार्थक है जब आम जनता निष्कंटक एवं समस्यामुक्त समानता का जीवन जी सके।

सरकारों के पास शक्ति के कई स्रोत है, लेकिन इस शक्ति से कितनों का कल्याण हो रहा है? कैसा विचित्र लोकतंत्र है जिसमें नेता एवं नौकरशाहों का एक संयुक्त संस्करण केवल इस बात के लिये बना है कि न्याय की मांग का जबाव कितने अन्यायपूर्ण तरीके से दिया जा सके। महंगाई के विरोध का जबाव महंगाई बढ़ा कर दो, रोजगार की मांग का जबाव नयी नौकरियों की बजाय नौकरियों में छंटनी करके दो, कानून व्यवस्था की मांग का जबाव विरोध को कुचल कर आंसू गैस, जल-तोप और लाटी-गोली से दो। नेता एवं नौकरशाह केवल खुद की ही न सोचें, अपने परिवार की ही न सोचें, जाति की ही न सोचें, पार्टी की ही न सोचें, राष्ट्र की भी सोचें, सम्पूर्ण मानवता की सोचें। क्या हम लोकतंत्र को अराजकता की ओर धकेलना चाह रहे हैं? नेतृत्व आज चुनौतीभरा अवश्य है, विकास का मंत्र भी आकर्षक है, लेकिन सबसे बड़ा विकास तभी संभव है जब जनता खुश रहे, निर्भार रहे, सुखी रहे और लगे कि यह जनता के सुख एवं समानता का लोकतंत्र है। ऐसा होने पर ही विश्व सामाजिक न्यास दिवस मनाने की सार्थकता होगी।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत और रचनात्मक विपक्ष आवश्यक है

प्रियंका सौरभ



**विपक्ष एक आवश्यक प्रहरी है जो एक समृद्ध लोकतंत्र में सरकार की शक्ति पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है। यह विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने तथा सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है। सहिष्णुता, वास्तविक राजनीतिक विरोध, तथा विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने की नागरिकों की क्षमता में विश्वास, ये सभी लोकतंत्र के लिए पूवार्पेक्षाएँ हैं। एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष चुपचाप खड़ा रह सकता है और बहुमत वाली पार्टी की तानाशाही और मनमर्जी को तानाशाही स्थापित करने की इजाजत दे सकता है। यद्यपि सरकार के सुचारू संचालन के लिए एक स्वस्थ विपक्ष आवश्यक है, ताकि कभी-कभार होने वाली ज्यादतियों का प्रतिकार किया जा सके और अवरोधों को रोका जा सके, किन्तु विपक्ष की अनुपस्थिति समग्र रूप से लोगों की स्वतंत्रता और जीवन को खतरे में डाल देगी तथा कानून के शासन को भी खतरा पहुँचाएगी।**

लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चचार्ओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चचार्ओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दशार्ती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चचाएँ अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं।

सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए, अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। ₹विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना₹ या ₹विधेयक पर बात न करना₹ का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बबार्दी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मजबूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति या समूह को लाभ पहुँचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, ₹सत्ता भ्रष्ट करती है₹ और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित ₹परोपकारी₹ राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मजबूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे। परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ। मुख्यतः एक विशिष्ट जनजाति से सम्बंधित राजनेताओं की हत्या के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया। भले ही नेता को यह विश्वास हो कि वह लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है, लेकिन यदि मामले में उनकी कोई बात नहीं सुनी जाएगी तो लोग उत्पीड़ित महसूस करेंगे। किसी वर्तमान या भूतपूर्व नेता द्वारा जनता के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करने तथा अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी ठहराए जाने की क्षमता अद्भुत है। सभी तानाशाह प्रेस में किसी भी प्रकार की असहमति को दबाने से शुरूआत करते हैं, जो एक अन्य महत्त्वपूर्ण तत्व है। इसके बाद उन्हें गैर-सरकारी संगठनों पर हमला करने का अवसर मिलता है।

राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर जोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीका है। संसदीय चचार्ओं में पुराने जमाने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चचाएँ फलदायी बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मजबूत किया जाना चाहिए।

तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नकाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चचार्ओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है; अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की जरूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी।

प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुँचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है।

# डॉ सुधानंद झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

डॉ सुधानंद झा

**मेष** - अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**वृष** - महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मिथुन** - परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें।

**कर्क** - राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**सिंह** - अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या** - कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी।

**तुला** – पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**वृश्चिक** - स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

# 11 प्रखंडों में आयोजित हुआ भूमि विवाद समाधान दिवस

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी प्रखंडों में भूमि विवाद संबंधी समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रत्येक बुधवार को भूमि विवाद समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार पहला भूमि विवाद समाधान दिवस के मौके पर संबंधित अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारी की मौजूदगी में डुमरिया थाना, कोवाली थाना, जादूगोड़ा थाना, धालभूमगढ़ थाना, गुड़ाबांदा थाना, बहरागोड़ा थाना, श्यामसुंदरपुर थाना, बोडाम थाना, घाटशिला थाना, कमलपुर थाना और पटमदा थाना, परसुडीह थाना और एमजीएम थाना परिसर में शिविर का ओायजन किया गया। इस



दौरान भूमि सीमांकन, नामांतरण, भूमि दखल, म्यूटेशन आदि से संबंधित आवेदन फरियादियों से लिए गए। आज के शिविर में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 14 का मौके पर निष्पादन किया गया।

उपायुक्त ने भूमि विवाद समाधान दिवस को लेकर कहा कि प्रायः ऐसे मामले संज्ञान में आते हैं जिसमें भूमि से संबंधित छोटी-मोटी त्रुटियों के कारण संबंधित व्यक्ति राजस्व कार्यालय एवं अन्य सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाते रहते है।

विदित हो कि अंचल अधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत किसी थाने में (पूर्व सूचना अनुसार) संबंधित राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक, अन्य अंचल कर्मी एवं आवश्यक राजस्व कागजातों के साथ पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक उक्त कैम्प में उपस्थित रहकर समस्या की सुनवाई करते हैं। सभी सीओ को विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन शिविर के अगले 02 कार्य दिवस में जिला राजस्व कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

संबंधित थाना प्रभारी को भी कैम्प में उपस्थित रहने एवं आपसी समवन्वय से शिविर के सफल आयोजन का निर्देश दिया गया है।

# 'एजुकेटिंग पैरंट्स अबाउट एजुकेशन' विषय पर छठा एवं अंतिम 'इन हाउस ट्रेनिंग' का आयोजन हुआ

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना



**चक्रधरपुर** मधुसूदन पब्लिक स्कूल, आसनतलिया,चक्रधरपुर में सत्र 2024-2025 का ₹एजुकेटिंग पैरंट्स अबाउट एजुकेशन₹ विषय पर छठा एवं अंतिम 'इन हाउस ट्रेनिंग' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री के. नागराजू,उप प्राचार्या श्रीमती आरती कोड़वार, परीक्षा नियंत्रक,एस.टी. एन.सी. श्री दिनेश कुमार चक्रवर्ती, संसाधन सेवी (रिसोर्स पर्सन) श्री सुमन कुमार प्रधान एवं शिक्षिका सायका निगार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य- अभिभावकों को ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाना है ताकि वह घर पर अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय रूप से सहायता कर सकें। बच्चों के विकास में सुधार के लिए अभिभावकों और शिक्षा के बीच मजबूत साझेदारी को बढ़ावा दे सके।सत्र का 25 घंटे के प्रशिक्षण- कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में संसाधन सेवी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को 13 समूह में बांटकर चार मॉड्यूल में विषय- वस्तु को अति सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया ,जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने सत्र को उत्साहपूर्वक पूरा किया। सत्र के अंत में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री के. नागराजू, परीक्षा नियंत्रक श्री दिनेश कुमार चक्रवर्ती द्वारा संसाधन सेवी श्री सुमन कुमार प्रधान,सायका निगार को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती कल्पना के द्वारा प्राचार्य श्री के. नागराजू,उप प्राचार्या श्रीमती आरती कोड़वार, परीक्षा नियंत्रक श्री दिनेश कुमार चक्रवर्ती, संसाधन सेवियों सहित सभी प्रशिक्षणार्थियों को धन्यवाद किया गया। मंच का संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती रूपम प्रभा द्वारा किया गया।

# उपायुक्त के अध्यक्षता मे राजस्व एवं आंतरिक संसाधन से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता

समाहरणालय स्थित सभगार मे उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में राजस्व एवं आंतरिक संसाधन से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से अपर उपायुक्त श्री जयवर्धन कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी श्री गिरजा शंकर पमहतो, जिला मत्स्य पदाधिकारी श्री रौशन कुमार,उप निबंधक पदाधिकारी सरायकेला, उप निबंधक पदाधिकारी चांडिल एवं सभी नगर निकाय क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

आंतरिक संसाधन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त श्री रविशंकर शुक्ला ने वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण



के संबंध में विभागवार समीक्षा करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभाग को नियमित कार्य करने तथा धीमी प्रगति पाए जाने पर टश्क एवं निबंधन सरायकेला को शोकॉज कर लक्ष्य निर्धारित कर सुधरात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिए।वही बैठक मे अनुपस्थित उत्पाद अधीक्षक एवं वाणिज्य कर आदित्यपुर को शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त नें अवैध माइनिंग,अवैध शराब बिक्री,भंडारण तथा परिचालन की विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करने तथा नगर पंचायत क्षेत्र सरायकेला में होडिंग टेक्स के लंबित कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निदेश दिए।

# मंत्री रामदास सोरेन ने मुसाबनी में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना मद से स्वीकृत 5 सड़को का किया शिलान्यास

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**मुसाबनी**- झारखण्ड सरकार मुख्य मंत्री ग्राम सडक सुदृढ़ीकरण योजना अन्तर्गत स्वीकृत मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत मेड़िया शिव मन्दिर चौक पर बुधवार को मंत्री रामदास सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सह निबंधन विभाग एवं सांसद विद्युत वरण महतो के प्रतिनिधि जयंत घोष आदि द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। इस पैकेज में एक साथ 14 करोड़ की लागत से 5 सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।जिनमें मुख्य रूप से हात्ता मुसाबनी रोड से कुलामारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लंबाई-16.820 कि. मी.) बाकड़ा से काठसकड़ा तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लंबाई 1 कि. मी.), तिलाबनी पथ से उपरबांधा तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लंबाई-1.400 कि मी.), हाता मुसाबनी रोड से सीताडांगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लंबाई-0.770 कि. मी.), कोड़ाशोल स्कूल से सुंडीधारा होते हुए कुदगढ़ीया भाया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लंबाई3.735 कि. मी.) शामिल है।

कार्यपालक अभियंत ग्रामीण कार्य विभाग कार्य,जमशेदपुर द्वारा इस सड़क की मोनेटरिंग की जा रही है।मंत्री ने संवेदक को गुणवत्ता के साथ समय अवधि के अंदर सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास के अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद प्रतिनिधि जयंत घोष,पूर्व जिला पार्षद बाघराय मार्डी, कान्हू सामन्त, प्रधान सोरेन, सोमाय सोरेन, ग्राम प्रधान संजीवन पातर,कान्हू टुडू, लोबिन सबर,गौरांग माहाली,बिक्रम मुर्मू,सोमाय टूडू,धनंजय मार्डी,अर्जुन मार्डी,साधु हेम्ब्रम, सुनील मुर्मू, गणेश टूडू, विराम हेम्ब्रम, सहित काफी संख्या में ग्रामीण व झामुमो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कवाली थाना में भूमि विवाद समाधान दिवस पर कई मामलों का हुआ निपटारा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर अनन्य मित्तल के आदेशानुसार भूमि विवाद समाधान दिवस कार्यक्रम के तहत प्रखंड के कोवाली थाना परिसर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अंचलाधिकारी निकीता बाला, थाना प्रभारी धनंजय पासवान, मुखिया संगीता सरदार, मुखिया सुचित्रा सरदार, मुखिया देवी कुमारी भूमिज, मुखिया सिमती सरदार, ग्राम प्रधान रंजीत प्रधान उपस्थित थे। शिविर में भूमि सीमांकन, जमीन विवाद के कुल 6 आवेदन जमा हुआ। इनमें 2 मामले को तत्काल निष्पादित किया गया, जबकि 4 मामले का निष्पादन हेतु थोड़ा वक्त लिया गया। मौके पर दो पक्षों में जमीन विवाद को देखते हुए इसमें धारा 144 लागू करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम को अग्रसारित किया गया। इस अवसर पर सीओ ने कहा कि उपायुक्त द्वारा आए दिन बढ़ रहे जमीन विवाद को देखते हुए सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को थाना स्तर पर भूमि विवाद समाधान दिवस का आयोजन शुरू किया गया है। पहले दिन ही ग्रामीणों को इसका लाभ मिलने लगा। उन्होंने ग्रामीणों से शिविर का लाभ लेने की अपील किया है। शिविर में राजस्व उपनिरीक्षक लिटा मार्डी, परमानंद सिंह व अंचल अमीन देवराज कैवर्त, कंप्यूटर सहायक रितेश सरदार भी उपस्थित थे।

# जयकान पंचायत भवन में डायन प्रथा उन्मूलन पर कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**गम्हरिया**।बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से गम्हरिया प्रखंड के जयकान पंचायत सचिवालय में डायन प्रथा उन्मूलन को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पद्मश्री छुटनी महतो को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपने सम्बोधन में डायन प्रथा को समाज के लिए अभिशाप बताया। कहा कि किसी भी महिला को डायन घोषित कर उसे प्रताड़ित करने का यह एक माध्यम बन गया है। इसके लिए सभी महिलाओं को एकजुट होकर विरोध करने की जरूरत है। इस मौके पर सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी ने उपस्थित ग्रामीणों को डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम- 200 की जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि पदमश्री छुटने महतो जीवन भर डायन प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ती रही हैं। अभी भी कहीं से भी उन्हें इसकी जानकारी मिलती है तो वह इस लड़ाई को जारी रखने में आगे रहती हैं।

उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि किस तरह से डायन प्रथा के खिलाफ आवाज बुलंद की जा सकती है और कानून का सहारा लिया जा सकता है। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

# बहरा गोड़ा कॉलेज में वार्षिक खेलकूद, विधायक समीर ने बाँटा पुरस्कार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

बहरागोड़ा महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मटिहाना स्थित बीएड कॉलेज परिसर मैदान में हुआ।

बुधवार को पुरस्कार वितरित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बहरागोड़ा विधानसभा के विधायक समीर कुमार मोहंती उपस्थित हुए।

इस समारोह में बहरागोड़ा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बालकृष्ण बेहरा ने मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ह्ल



विद्यार्थियों के बीच बैडमिंटन, तीरंदाजी, लंबी कूद, ऊंची कूद, स्लो साइकिल, कैरम, जेवलिन थ्रो आदि प्रतियोगिता हुई जिसमें सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय हुए विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा,निर्मल दुबे,अरुण बारीक, गोपन परिहारी,सुब्रतो पानी,नरेश मंडल,राजीव गिरी,अभिजीत बाग,बुधराम मुर्मू,बुद्धदेव साव,बलराम पातर,मिथुन कर,आकुल राणा,

पर खेल इंचार्ज डॉ पी के चंचल, प्रो बीरबल हेंब्रम, डॉ टीके मंडल, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ हर्षित टोपनो, डी के सिंह, डॉ विजेता तिरु, डॉ डीके चौधरी, एस समीर कश्यप, समरेंद्र रंजन सिंह, गोपाल दास, डॉ बीबी नायक, डॉ संजय केर-केट्टा आदि महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नव परायण महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल** : कुकड़ू प्रखंड के पारगामा गांव में बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्री श्री नव परायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। सोलोआना कमिटी के तत्वावधान में आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान अगले नौ दिनों तक गांव के प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में अनवरत रूप से जारी रहेगा।

इस महायज्ञ में कुकड़ू, चौका, रांची और बाघमुंडी से आमंत्रित विद्वान कथावाचक अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान से लाभान्वित करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार, महायज्ञ का जागरण 25 फरवरी को होगा, जबकि पूणार्हुति एवं कलश विसर्जन 28 फरवरी को संपन्न होगा।

सोलोआना कमिटी ने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। कलश यात्रा के अवसर पर पूर्व मुखिया मनोरंजन सिंह सरदार, पूर्व उपमुखिया महेश्वर महतो, उपमुखिया महेंद्रनाथ महतो, प्रफुल्ल महतो, कांचन दादू, राकेश कुमार महतो, रवींद्र कुमार नाथ महतो, आशुतोष महतो, जागरु, बिराज, धनपति, उत्तम समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मीडिया कप क्रिकेट : दोमुहानी एकादश और सुवर्णरेखा एकादश ने अपने अपन मैच जीते

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** मीडिया कप क्रिकेट के तीसरे दिन दोमुहानी एकादश और सुवर्णरेखा एकादश ने अपने अपने मैच आसानी से जीतकर अपनी उम्मीदों को जिंदा किया। कीनन स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में दोमुहानी एकादश ने दलमा एकादश को नौ विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दलमा एकादश ने 15 ओवर में छह विकेट पर 110 रन बनाए। बुलंद इकबाल ने 51 रन बनाए। दीपपाल और विवेक मे दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए निसार अहमद की 52 रनों की पारी की बदौलत दोमुहानी ने 10.3 ओवर में एक विकेट पर 111 रन बनाकर मैच जीत लिया। मोहन ने 34 रन बनाए।

दूसरे मैच में आज सुवर्णरेखा एकादश ने जुबिली एकादश को नौ




विकेट से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए जुबिली एकादश ने राजेश के 25 और नीरज के 23 रनों की बदौलत 15 ओवर में 106 रन बनाए। ललित ने तीन विकेट लिएष रणधीर ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में सात रन और एकिवकेटलिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्वर्णरेखा एकादश ने कप्तान जयप्रकाश राय के 41 रन और रणधीर के 39 रनों की बदौलत नौ ओवर में एक विकेट पर 111 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## सुशांत ओझा का महाकुंभ से लौटते समय औरंगाबाद में सड़क दुर्घटना में निधन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



मानगो हिल व्यू कॉलोनी के रहने वाले 26 वर्षीय सुशांत ओझा का महाकुंभ से लौटते समय औरंगाबाद में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया ।ब्रेजा गाड़ी से कुंभ स्नान करके सुशांत अपने माता-पिता जी के साथ जमशेदपुर लौट रहे थे प्रातः समय खड़े टेलर में धक्का लगने से मौके में ही निधन हो गया ।पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह ने मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर को दिया । सुशांत की शादी लगभग हुई थी

## छत्रपति शिवाजी सेना की ओर से जयंती समारोह का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर मे छत्रपति शिवाजी महाराज के 395 वीं जयंती के उपलक्ष्य मे छत्रपति शिवाजी सेना की ओर से जयंती समारोह का आयोजन किया गया, इसकी शुरूवात मे बारीडीह से एक शोभा यात्रा के साथ शुरूआत हुई, जहां एक से बढ़कर एक झांकी दिखी, संस्था के संस्थापक मनीष कुमार प्रसाद द्वारा इसकी अगुवाई की गई, शोभा यात्रा एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान मे पहुंचकर समाप्त हुई, जहां सभी ने छत्रपति शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की, आयोजकों के अनुसार छत्रपति शिवाजी महाराज ने उस वक्त हिंदुत्व की रक्षा हेतु अपना सब कुछ त्याग कर दिया, उस वक्त मुगल आक्रांत के खिलाफ उन्होने सशक्त लड़ाई लड़ी थी

## सार-संक्षेप

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय हितकू के बच्चों को लंच बॉक्स समेत अन्य समान वितरित करते यूसिल अधिकारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जादूगोड़ा** : सरकारी स्कूलों के बच्चों को अब ठंडा खाना से मुक्ति मिल जाएगा।इधर यूसिल की नरवापहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबंधन ने आज बुधवार को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के नरवा पहाड़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हितकू के स्कूली बच्चों के बीच आधुनिक 149 लंच बॉक्स , 147 स्टील बोतल, 40 योगा मेट, व 300 जुट बैग का वितरण किया।बच्चे आधुनिक लंच बॉक्स पाकर काफी उत्साहित है, हो भी क्यों नहीं। अब उन्हें ठंडा खाना से जो मुक्ति मिल जाएगा व यूसिल की आधुनिक लंच बॉक्स उसके खाने की मजा की दुगुना कर देगा। इधर जरूरी सामान पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। इस बाबत पूछे जाने पर यूसिल कर्मी गाजिया हांसदा ने कहा कि ज्यादातर बच्चे प्लास्टिक बोतल में पानी पीते है जो स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए घातक है। बच्चों के जरूरतों का ख्याल रखते कंपनी पर प्रबंधन की ओर स्टील बोतल।इसी तरह बच्चों को स्कूल में गर्म खाना मिले जिसको लेकर आधुनिक लंच बॉक्स मुहैया कराई गई,जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ_ साथ बच्चों का स्वास्थ्य व भविष्य भी बेहतर हो। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यूसिल अधिकारी स्टेलीन हेंब्रम , हेमलता पी शिरोडकर,गाजिया हांसदा तरुण नायक, ए कृष्णा राव सुभाष नारायण देव,सूरज कुमार महतो ने अहम योगदान दिया।

### जन चेतना केंद्र का उदघाटन मुखिया कानू मुर्मू ने किया




राष्ट्र संवाद संवाददाता

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भीतरदारी एवं प्राथमिक विद्यालय भूरीडीह का जन चेतना केंद्र का उदघाटन केरवाडूंगरी पंचायत के मुखिया कान्हु मुर्मू द्वारा किया गया. राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण झारखंड रांची एवं जिला साक्षरता मिशन पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वावधान में उदघाटन समारोह संपन्न हुआ। मौके पर मुखिया कान्हु मुर्मू ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम शिक्षा विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसकी इकाई विद्यालय है. साक्षरता कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर ही संचालित होना है. स्वयंसेवी संस्था को गंभीरता से लेने की जरूरत है,तभी जिले में साक्षरता का काम आगे बढ़ेगा. कार्यशाला एवं उद्घाटन समारोह में प्राथमिक विद्यालय भीतरदारी प्राथमिक विद्यालय प्रभारी लखन हंसदा सहित कई वार्ड मेंबर भी मौजूद थे.

### पक्की नाली निर्माण कार्य का विधायक सुखराम ने किया भूमि पूजन,मुखिया कुश पूर्ति भी रहे मौजूद



राष्ट्र संवाद संवाददाता रामगोपाल जेना

**चक्रधरपुर** । चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के बंदगांव प्रखंड के लाण्डुपोदा पंचायत के ग्राम राजपारम में बांकीपुर नहर से राजा पारोम सीमा तक पक्की नाली निर्माण कार्य का हुआ विधिवत भूमि पूजन विधायक सुखराम उरांव द्वारा किया गया मौके पर मुखिया कुश पूर्ति ,झामुमो नेता रामलाल मुंडा,दिनेश जेना , गोनू, छत्तीश महतो विभाग के कनीय अभियंता अमित कुमार ,समेत डिक्की मंडल,मानकी नरेश बानरा,मुंडा जयपाल हेंब्रम,मुंडा मानकी पूर्ति अप्पू समेत स्थानीय लोग मौजूद थे

विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान की दिशा में भी कई योजनाएं स्वीकृति हुई है

विधायक सुखराम उरांव को योजना की स्वीकृति कराने के लिए क्षेत्र के मुखिया कुश पूर्ति ने धन्यवाद देते हुए कहा कि विधायक सुखराम उरांव ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं की स्वीकृति दिलाए है

विधायक सुखराम उरांव ,मुखिया कुश पूर्ति समेत अन्य नेताओं का बुके भेंटकर किया स्वागत

### झामुमो ने चलाया गम्हरिया के वार्ड 6 से 8 तक सदस्यता अभियान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया**।झामुमो की ओर से बुधवार को आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड 6 से 8 तक सदस्यता अभियान चलाया गया। आदित्यपुर नगर संयोजक शंकर मुखी के नेतृत्व में चलाए गए इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान करीब 500 महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया जिसका मौके पर उपस्थित झामुमो जिला संयोजक डॉ0 शुभेन्दू महतो और पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली ने स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के क्रम में जिले के सभी गांवों से काफी संख्या में युवा और महिलाएं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इससे स्पष्ट झलक रहा है कि आगामी चुनावों में राज्य की जनता भाजपा को यहां से खदेड़ने का कार्य करेगी। इस मौके पर झामुमो महिला नेत्री कविता दास, सुशीला तांती, सोनामनी समेत कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र की बदहाल स्थिति से अवगत कराते हुए उपायुक्त को ज्ञापन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया**।प्रखंड के नारायणपुर पंचायत के ग्रामीणों द्वारा विजय ग्राम स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र की बदहाल स्थिति से अवगत कराते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि उंक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र में पदस्थापित चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मी निर्धारित समय पर अस्पताल में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते हैं। साथ ही, उंक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र में मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध नहीं रहती है। इन कुव्यवस्थाओं के कारण मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा हैं। ग्रामीणों ने उंक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र की दशा को सुधारने के लिए अविलंब इसकी जांच कर सुधार हेतु पहल करने की मांग किया है। साथ ही, उन्होंने जांच में दोषी पाए जाने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की मांग भी किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सुनील महतो, आकाश महतो, बोदरा महतो, साहिल अंसारी, सुनील कुमार महतो समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

# छात्रा की आत्महत्या के बाद गिरफ्तार पांच लोगों को मिली जमानत; नेपाली छात्रों को जबरन निकाला था बाहर

**भुवनेश्वर,एजेंसी।**

ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) के छात्रावासों से नेपाली छात्रों को जबरन बाहर निकालने के मामले में गिरफ्तार किए गए पांच लोगों को जमानत मिल गई है। गिरफ्तार किए गए लोगों में केआईआईटी में मानव संसाधन महानिदेशक सिबानंद मिश्रा (59), निदेशक (प्रशासन) प्रताप कुमार चामुपति (51), छात्रावास निदेशक सुधीर कुमार रथ (59) और दो सुरक्षा गार्ड रमाकांत नायक (45) और जोगेंद्र बेहरा (25) शामिल हैं। गिरफ्तारियां नेपाली छात्रा प्रकृति लमसाल की आत्महत्या के बाद नेपाली छात्रों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के कुछ दिनों बाद हुई हैं।




**छात्रावास के कमरे में छात्रा ने की थी आत्महत्या:** शहर में स्थित केआईआईटी में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) तृतीय वर्ष की छात्रा प्रकृति लम्साल (20) ने रविवार दोपहर को छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद परिसर में अशांति फैल गई। इस घटना को लेकर राज्यव्यापी आक्रोश फैल गया है। विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया गया। इससे पहले ओडिशा पुलिस ने मंगलवार को भुवनेश्वर के एम्स में पोस्टमॉर्टम के बाद नेपाली छात्रा का शव उसके पिता को सौंप दिया। लड़की के पिता सुनील लम्साल अपने दोस्तों के साथ यहां मौजूद रहे। सुनील ने बताया कि वे शव को नेपाल ले जाने की योजना बना रहे हैं।

**हालात बिगड़े तो नेपाली छात्रों को छात्रावास से निकाल दिया:** आत्महत्या की खबर लगते ही परिसर में स्थिति बिगड़ने लगी। इसे देखते हुए आनन फानन में केआईआईटी अधिकारियों ने कुछ नेपाली छात्रों को छात्रावास से कथित तौर पर निकाल दिया और उनकी यात्रा की कोई व्यवस्था किए बिना उन्हें कटक रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया। कुछ छात्रों ने दावा किया, %हमारे पास भोजन, पानी या रेल टिकट खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं।% कई छात्र आरक्षित टिकट नहीं मिल पाने के कारण पुरी-पटना एक्सप्रेस ट्रेन में सामान्य डिब्बे में चढ़ गए।

**पुलिस ने दो मामले दर्ज किए:** भुवनेश्वर के डीसीपी पिनाक मिश्रा ने बताया, %पुलिस ने दो मामले दर्ज किए हैं, एक लड़की के चचेरे भाई से मिली शिकायत के आधार पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने के संबंध में और दूसरा सोशल मीडिया वीडियो को लेकर, जिसमें निजी विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी और कर्मचारी घटना पर विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों के साथ दुर्व्यवहार व पिटाई करते दिख रहे हैं।

**वीडियो संदेश जारी किया और माफी मांगी:** इस बीच केआईआईटी के अधिकारियों के माफी मांगने के बावजूद छात्रों ने परिसर में धरना दिया और दो महिला अधिकारियों से व्यक्तिगत माफी की मांग की, जिन्होंने कथित तौर पर नेपाली छात्रों और छात्रावास में रहने वाले दूसरे छात्रों का अपमान किया था। छात्रों की मांग मानते हुए दो महिला अधिकारियों जानति नाथ और मंजूषा पांडे ने केआईआईटी के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक वीडियो संदेश जारी किया और माफी मांगी। इस बीच ओडिशा सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम का गठन किया।

## नाबालिग को पता है बैड टच, हाईकोर्ट ने पूर्व सैन्य अफसर की सजा बरकरार रखी, याचिका खारिज



**मुंबई ,एजेंसी।**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक पूर्व सैन्य अफसर की सजा को बरकरार रखते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। इस दौरान हाईकोर्ट ने कहा, एक नाबालिग लड़की बैड टच (खराब नियत से स्पर्श) व गुड टच (अच्छे नियत से स्पर्श) को अच्छे से जानती है। नाबालिग जानती है कि सामने वाला उसे किस नियत से स्पर्श कर रहा है। पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल ने सजा के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। पूर्व सैन्य अफसर को 11 साल की एक लड़की से बुरे स्पर्श के मामले में पांच साल की सजा सुनाई गई थी। हाईकोर्ट ने कहा कि पीड़िता आरोपी के बुरे स्पर्श के बारे में अच्छे से जानती थी। लिहाजा, पूर्व सैन्य अधिकारी की सजा रद्द नहीं की जाएगी। जस्टिस रेवती मोहित डेरे और जस्टिस नीला गोखले की पीठ ने कहा, नाबालिग लड़की ने अपने पिता के कमरे से चले जाने के बाद आरोपी ने उसके साथ जिस तरह से व्यवहार किया, अदालत में उसके बारे में अच्छे से बताया है।

**पांच साल की मिली है सजा:** नाबालिग लड़की के यौन शोषण मामले में मार्च, 2021 में सेना के जनरल कोर्ट मार्शल ने पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल को पॉक्सो कानून के तहत दोषी ठहराते हुए पांच साल कारावास की सजा सुनाई थी। जीसीएम के इस फैसले को पूर्व सैन्य अफसर ने बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

## मायावती के खिलाफ घृणित टिप्पणी पर अखिलेश की चुप्पी उनका असली चेहरा उजागर करती है: सतीशचंद्र मिश्रा

**लखनऊ,एजेंसी।**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती के खिलाफ कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद उदितराज की टिप्पणी पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की चुप्पीको लेकर बसपा के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा के पूर्व सदस्य सतीश चंद्र मिश्रा ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जो हर मंच पर सामाजिक न्याय की बातें करते हैं, जिनकी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन है, इस मामले में उनकी चुप्पी ऐसे घृणित बयान का समर्थन कर रही है। अखिलेश यादव की चुप्पी इनका असली चेहरा उजागर करती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद उदितराज का घृणित, शर्मनाक, अपमानजनक और निंदनीय बयान न सिर्फ बहनजी का अपमान है, बल्कि यह पूरे बहुजन समाज के दलितों और स्वाभिमानी भारतीयों की गरिमा पर करारा हमला है।



यह कांग्रेस का हमेशा से रहा दलित विरोधी, महिला विरोधी और जातिवादी मानसिकता का घिनौना प्रमाण है। इस पार्टी ने इसी प्रकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर का भी अपमान किया था, जिसके चलते उन्होने विधि मंत्री के पद से त्याग किया था।

सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की चार बार की मुख्यमंत्री एवं पहली दलित महिला ने शासन की परिभाषा बदली, उन्होंने प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया था जिसकी वजह से अपराधी डरते थे।

बहनजी द्वारा दलितों, पिछड़ों एवं वंचितों को न्याय दिलाने के लिए व उनका स्वाभिमान बढ़ाने के लिये अनेकों ऐतिहासिक फैसले लिए गए थे। जिन बहनजी ने करोड़ों शोषितों और वंचितों को सशक्त किया, उनके खिलाफ जहर उगलना कांग्रेस पार्टी व उनके नेताओं की उनकी हमेशा से गिरी हुई राजनीति का स्तर व दूषित मानसिकता को दिखाता है।

## अखंड भारत के प्रणेता और महान विजेता शिवाजी को नमन, सीएम फडणवीस ने दी श्रद्धांजलि

**पुणे,एजेंसी।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें प्रबंधन गुरु - कुशल प्रशासक भी बताया, जिन्होंने कल्याणकारी राज्य चलाने का उदाहरण प्रस्तुत किया। सीएम फडणवीस ने पुणे के शिवनेरी किले में मराठा राजा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा- शिवाजी महाराज ने न केवल %स्वराज्य% की स्थापना की, बल्कि राष्ट्रीय गौरव की भावना भी जगाई। बता दें कि, महान मराठा योद्धा का जन्म 19 फरवरी, 1630 को जिले की जुन्नार तहसील के शिवनेरी में हुआ था।



**पालना समारोह में शामिल हुए फडणवीस, शिंदे और पवार:** शिवाजी महाराज की जयंती मनाने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने शिवनेरी किले में %पालना समारोह% समेत कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में मराठा राजा के अनुयायी भी उनकी 395वीं जयंती समारोह में भाग लेने के लिए किले में जमा हुए थे। इस मौके पर वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम फडणवीस ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल योद्धा ही नहीं थे, बल्कि एक कुशल प्रशासक भी थे, जिन्होंने कल्याणकारी राज्य चलाने का उदाहरण प्रस्तुत किया।

**वे सच्चे अर्थों में प्रबंधन गुरु थे- फडणवीस:** मुख्यमंत्री ने कहा, शिवनेरी की धरती पर कदम रखने से स्वराज्य की प्रेरणा मिलती है और यही भावना लोगों को बार-बार यहां खींच लाती है। उन्होंने कहा, %जब कई राजाओं और राज्यों ने मुगल शासन को स्वीकार कर लिया, तो माता जीजाऊ ने छत्रपति शिवाजी महाराज को एक ऐसे नेता के रूप में देखा, जो शोषण और अत्याचार को समाप्त कर लोगों को स्वराज्य की ओर ले जाएगा।

**किलों के संरक्षण के लिए टास्क फोर्स का होगा गठन:** सीएम ने कहा, %अपनी मां द्वारा बताए गए दृढ़ संकल्प और मूल्यों के साथ, शिवाजी महाराज ने सभी समुदायों के लोगों को एकजुट किया, अपनी तलवार चलाई और मावलों की एक सेना बनाई। उन्होंने न केवल स्वराज्य की स्थापना की, बल्कि राष्ट्रीय गौरव की भावना भी जगाई।% सीएम फडणवीस ने शिवाजी महाराज के किलों के संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि उनका महत्व मंदिरों से भी अधिक है।

## मुख्यमंत्री धामी कैबिनेट ने नए भू-कानून को दी मंजूरी, बजट सत्र में होगा पेश



**देहरादून,एजेंसी।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट ने राज्य में नए भू-कानून को स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिसे अब आगामी बजट सत्र में पेश किया जाएगा। लंबे समय से विभिन्न राजनीतिक और गैर-राजनीतिक संगठनों द्वारा भू-कानून लागू करने की मांग की जा रही थी, और अब यह कानून आकार ले चुका है। मुख्यमंत्री धामी ने पहले ही घोषणा की थी कि राज्य में जल्द ही नया भू-कानून लाया जाएगा।

कैबिनेट में नए भू-कानून को मंजूरी देने के बाद मुख्यमंत्री ने ट्वीट करते हुए लिखा है - प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू-कानून को मंजूरी दे दी है। यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हम कभी भी उनके विश्वास को टूटने नहीं देंगे। इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि हम अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा। आत्महत्या की खबर लगते ही परिसर में स्थिति बिगड़ने लगी। इसे देखते हुए आनन फानन में केआईआईटी अधिकारियों ने कुछ नेपाली छात्रों को छात्रावास से कथित तौर पर निकाल दिया और उनकी यात्रा की कोई व्यवस्था किए बिना उन्हें कटक रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया। कुछ छात्रों ने दावा किया, %हमारे पास भोजन, पानी या रेल टिकट खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं।% कई छात्र आरक्षित टिकट नहीं मिल पाने के कारण पुरी-पटना एक्सप्रेस ट्रेन में सामान्य डिब्बे में चढ़ गए।

नए भू-कानून में हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर बाहरी लोगों के लिए जमीन खरीदने के नियम निर्धारित किए गए हैं। अब बाहरी लोग उत्तराखंड में जमीन खरीदने के लिए कुछ शर्तों का पालन करेंगे, जिससे अनियंत्रित जमीन खरीद पर रोक लग सकेगी और स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिल सकता है।

## अमेठी में किसान दिवस के दौरान किसानों ने साझा किए विचार




**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**अमेठी**।जिले के गौरीगंज में स्थित विकास भवन सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया।इस आयोजन की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह ने की।आयोजन में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

मिली जानकारी के अनुसार किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों ने किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई गई तथा किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी।किसान दिवस में जिले के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए तथा बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की और अच्छा मुनाफा कमाया।किसान दिवस में जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाए।जिला विकास अधिकारी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा कृषि,मत्स्य व उद्यान और पशुपालन आदि विभागों में कई सारी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं जिनका लाभ लेकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

## अमेठी में डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार.

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**अमेठी**।जिले की जायस पुलिस ने डीपी एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक जिले में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जायस के एसआई संकठा प्रसाद मौर्या व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर डीपी एक्ट व अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त सर्वजीत कुमार वर्तमान पता ग्राम लालगंज मजरे मोहना,जायस अमेठी व मूल निवासी ग्राम नन्दगंज थाना नन्दगंज जिला गाजीपुर को कंचाना मोड़ के पास से समय करीब साढ़े नौ बजे दिन में गिरफ्तार किया।वांछित की गिरफ्तारी कर पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

## छह महीनों में छह मामलों में फांसी की सजा सुनाई गई

**कोलकाता,एजेंसी।**

1. सिलीगुड़ी (7 सितंबर, 2024)़ पोक्सो अदालत ने मोहम्मद अब्बास को 16 वर्षीय लड़की के बलात्कार और हत्या के मामले में फांसी की सजा दी।2. कोलकाता (7 सितंबर , 2024)़ अलीपुर जिला एवं सत्र न्यायालय ने 55 वर्षीय एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी कर्मी अशोक शॉ को 5 वर्षीय बच्ची के बलात्कार और हत्या के मामले में फांसी की सजा दी।3. बारुईपुर (6 दिसंबर, 2024)़ पोक्सो अदालत ने 19 वर्षीय मुस्ताकिन सरदार को 10 वर्षीय छात्रा के बलात्कार और हत्या के आरोप में फांसी की सजा सुनाई।4. जंगीपुर (14 दिसंबर, 2024)़ मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का में एक नाबालिग लड़की के बलात्कार और हत्या के मामले में 35 वर्षीय दीनबंधु हालदार को मौत की सजा दी गई। उसके साथी शुभजीत हालदार को आजीवन कारावास की सजा हुई।5. हुगली (17 जनवरी, 2025)़ गुड़ाप इलाके में 42 वर्षीय अशोक सिंह को 5 वर्षीय बच्ची के बलात्कार और हत्या के मामले में फांसी की सजा मिली।6. कोलकाता (18 फरवरी, 2025)़ बड़तल्ला इलाके में सातमहीने की बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या के प्रयास के मामले में पोक्सो अदालत ने राजीव घोष को फांसी की सजा सुनाई। यह सजा अपराध के 75 दिनों के भीतर सुनाई गई। इसके अलावा, हुगली जिले के चंदननगर में 42 वर्षीय निजी ट्यूटर प्रमथेश घोषाल को अपने माता-पिता और बहन की हत्या के आरोप में फांसी की सजा सुनाई गई। यह घटना आठ नवंबर 2021 को हुई थी।

**ममता ने किया स्वागत:** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर इन फैसलों का स्वागत किया है। उन्होंने लिखा है कि ऐसे अपराधों के लिए त्वरित न्याय जरूरी है। राज्य सरकार का महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर जीरो टॉलरेंस है और हम सुनिश्चित करेंगे कि न्याय में कभी देरी न हो। सरकार का कहना है कि अपराजिता एंटी-रेप बिल के लागू होने के बाद ऐसे मामलों में त्वरित न्याय और कठोर सजा की प्रक्रिया और तेज होगी।

## असम विस : भारी हंगामा के चलते बजट सत्र की कार्यवाही तीन बार स्थगित हुई

**गुवाहाटी,एजेंसी।**

असम विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दूसरे दिन बुधवार को भारी हंगामा के चलते विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी ने सदन की कार्यवाही को तीन बार 15, 10 और 20 मिनट के लिए स्थागित किया।

आज जैसे ही प्रश्नकाल समाप्त हुआ, उसके बाद सत्ता पक्ष एवं विपक्ष अध्यक्ष के आसन के सामने पहुंचकर हंगामा करने लगे। अध्यक्ष के पास चार सभा स्थगन का नोटिस दिया गया था। प्रश्नकाल के बाद अध्यक्ष ने जैसे ही रूलिंग पढ़ना शुरू किया। ठीक इसी समय सत्तापक्ष के विधायक सदन के आसन के सामने पहुंचकर बजट सत्र के पहले दिन सदन में पेश एपीएससी भ्रष्टाचार से संबंधित बिप्लव शर्मा की रिपोर्ट पर चर्चा की मांग की।



जबकि कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने पिछले दिनों डिमा हसाओ जिले में हुए कोयला खदान हादसे को लेकर चर्चा की मांग की तो एआईयूडीएफ के सदस्यों ने अन्य मुद्दों लेकर सभा स्थगन का प्रस्ताव पेश किया था। अध्यक्ष द्वारा सभा स्थगन के प्रस्ताव पर अपनी रूलिंग देने के लिए बोलना आरंभ ही किया था कि सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्य अपनी-अपनी मांगों को लेकर जोरदार हंगामा करने लगे। हालांकि, विस अध्यक्ष ने शोर-शराबे के बीच सभा स्थगन के सभी चारों प्रस्तावों को खारिज करते हुए कहा कि शून्यकाल में पूर्व कार्यक्रम के तहत राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा निर्धारित है।

भारी शोर के बीच अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित की। जैसे ही सदन की कार्यवाही पुनः आरंभ हुई तो स्थिति पहले वाली ही बन गयी। जिसके बाद फिर से 10 मिनट के लिए सदन स्थगित किया गया। अध्यक्ष ने फिर से सदन को चलाने की कोशिश की, लेकिन दोनों पक्ष अपनी-अपनी मांगों पर अड़े रहते हुए हंगामा किया। इसके चलते फिर से एक बार सदन को 20 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। इस बीच विपक्ष के सदस्य अखिल गोगोई को सदन की कार्यवाही से लिए 10 मिनट के लिए अध्यक्ष ने बाहर कर दिया था।

सदन के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सदन के नेता प्रतिपक्ष देवब्रत सैकिया ने कहा, ÷हमने लगभग 40 दिन पहले डिमा हसाओ जिले में अवैध कोयला खदान में विवाद पर चर्चा करने के लिए बैठक को स्थगित करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन अध्यक्ष ने सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों द्वारा हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को तीन बार स्थगित कर दिया।÷वहीं, सत्ता पक्ष एपीएससी भ्रष्टाचार पर सदन में दाखिल बिप्लव शर्मा की रिपोर्ट पर चर्चा करने की मांग करते हुए इसे राज्य का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार बताया है। रिपोर्ट पर चर्चा हुई तो कांग्रेस पार्टी को सदन में जवाब देने में काफी परेशानी होगी। हालांकि, रिपोर्ट का कांग्रेस ने स्वागत किया है।

## पश्चिम बंगाल में बीते छह महीनों में बलात्कार-हत्या के छह मुजरिमों को मिल चुकी है फांसी की सजा

**कोलकाता,एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल में नाबालिगों के खिलाफ हुए जघन्य अपराधों पर अदालतों ने कड़ा रुख अपनाते हुए बीते छह महीनों में छह मुजरिमों को फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति को अपने परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में मौत की सजा दी गई है। इस तरह राज्य में पिछले छह महीनों में कुल सात दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। पांच सदस्यों की हत्या करने वाले एक व्यक्ति को भी मिल चुकी है मौत की सजा

अदालत ने बलात्कार और हत्या के जघन्य अपराधों को दुर्लभतम में दुर्लभ श्रेणी में रखते हुए छह दोषियों को मौत की सजा सुनाई। इन मामलों में पोक्सो कानून, भारतीय दंड संहिता और बाद में लागू किए गए भारतीय न्याय संहिता की धाराएं लगाई गई थीं। इसी तरह सात इसी साल फरवरी को न्यू टाउन इलाके में कक्षा आठ की 14 वर्षीय छात्रा की बलात्कार और हत्या के मामले में अब तक अदालत का फैसला नहीं आया है। इस मामले में पुलिस ने 22 वर्षीय ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है।

**अंतिम बार 2004 में दी गई थी फांसी की सजा:** राज्य में अंतिम बार किसी दोषी को फांसी 2004 में दी गई थी। दक्षिण कोलकाता में 16 वर्षीय छात्रा के बलात्कार और हत्या के दोषी धनंजय चटर्जी को अलीपुर जेल में फांसी पर लटकाया गया था। टीम के अन्य सदस्य उच्च शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव हैं।टीम के अन्य सदस्य उच्च शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव हैं।

# जिला पदाधिकारी बेगूसराय तुषार सिंगला द्वारा सदर प्रखंड के पंचायतों में विभिन्न योजनाओं का स्थलिय निरीक्षण किया गया

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

जिला पदाधिकारी बेगूसराय, श्री तुषार सिंगला द्वारा बेगूसराय सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायतों मे विभिन्न योजनाओं का स्थलिय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम मे माननीय विधायक मटिहानी, श्री राजकुमार सिंह , उपविकास आयुक्त बेगूसराय, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सदर, डीसीएलआर बेगूसराय सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, प्रखंड विकास पदाधिकारी बेगूसराय सदर, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा बेगूसराय सदर, जिला समन्वयक, एल0एस0बी0ए0 सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी) द्वारा संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही परिसर में जीविका भवन निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया

जिला पदाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत राज बनद्वार के वार्ड नंबर 15 में नवनिर्मित हाई स्कूल एवं बंद पड़े पशु अस्पताल का निरीक्षण किया गया एवं विद्यालय निर्माण में बचे आंशिक कार्य को



पूर्ण करते हुए संबंधित विभाग को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बंद पड़े पशु अस्पताल के बारे में संबंधित पदाधिकारी से समीक्षा की गई एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा खातोपुर बनद्वार सड़क को जल्द ठीक कराने हेतु ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया। तथा सड़क के दोनों तरफ फ्लैंक बनाने हेतु कहा गया।

इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत राज सांख में मनरेगा द्वारा बनाये जा रहे खेल मैदान का निरीक्षण किया तथा कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा को जल्द पूर्ण करने हेतु कहा गया। साथ ही खेल मैदान में स्थापित बिजली के पोल को मैदान से हटाकर किराने में करने का निर्देश बिजली विभाग को दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत राज सूजा में पंचायत सरकार भवन, आर0टी0पी0एस काउंटर का जाँच किया गया तथा आवास योजना अंतर्गत चल रहे सर्वे की जानकारी आवास सहायक से ली गई एवं रोजगान सेवक मनरेगा से संबंधित योजनाओं के प्रगति के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही सूजा पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 18 में निमार्णाधीन हढव, खेल मैदानं एवं सड़कों का भी निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत राज धबौली के वार्ड नंबर एक में बन रहे सड़क का निरीक्षण किया गया एवं मनरेगा द्वारा बनाये जा रहे मनरेगा पार्क का भी निरीक्षण किया गया जिसे कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को जल्द पूर्ण करने एवं सुंदर पार्क बनाने हेतु निदेशित किया गया।

जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत निमार्णाधीन प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निरीक्षण किया गया ,यह मध्य विद्यालय बहदरपुर के मैदान में भवन निर्माण निगम विभाग के द्वारा कराया जा रहा है

# वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में अपडेट करा लें मोबाइल नंबर: लास्ट डेट के बाद लगेगा जुमार्ना

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

**वहान का रजिस्ट्रेशन नंबर और ड्राइविंग लाइसेंस के साथ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पता अपडेट रखना अनिवार्य हो गया है।**

बेगूसराय किसी भी प्रकार के वाहन मालिक व चालक अपने वाहन से लिंक्ड मोबाइल नंबर और पता एक माह के अंदर अपडेट कर लें। वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर और ड्राइविंग लाइसेंस के साथ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पता अपडेट रखना अनिवार्य हो गया है। तय सीमा के अंदर लिंक नहीं करने वाले वाहन स्वामियों पर जुमार्ना लगाना शुरू कर दिया जायेगा। मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने पर संबंधित वाहन मालिक का लाइसेंस और वाहन का रजिस्ट्रेशन निलंबित हो सकता है। जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि कई ऐसे वाहन मालिक और वाहन चालक है। जिनका रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ लिंक मोबाइल नंबर उपयोग में नहीं है। इस बजह से वाहन दुर्घटना एवं अन्य घटना की स्थिति में वाहन मालिक या चालक की पहचान में परेशानी होती है यातायात उल्लंघन में इ-चालानिंग एवं अन्य सूचना संबंधित वाहन मालिकों तक नहीं पहुंच पाती है।मोटर वाहन अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई डीटीओ मनोज कुमार ने कहा है कि नंबर और पता अपडेट नहीं रहने पर वाहन मालिकों या चालकों पर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी। ऐसे लोगों से जुमार्ना भी वसूला जायेगा। एक माह के अंदर मोबाइल नंबर अपडेट अनिवार्य रूप से करा लें नहीं कराने पर संबंधित वाहन का रजिस्ट्रेशन एवं चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जा सकती है।

जानकारी के लिए करें कॉल

मोबाइल नंबर अपडेट करने या संशय की स्थिति में परिवहन विभाग के हेल्पडेस्क नंबर पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हें ।इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा नंबर जारी किया गया हें ।कार्यालय अवधि में परिवहन विभाग के हेल्पडेस्क नंबर 06122547212 पर तथा जिला परिवहन कार्यालय बेगूसराय के मोबाइल नंबर 6202751026 एवं 6202751029 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हें ।जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि वाहन रजिस्ट्रेशन या ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के समय का लिंक्ड मोबाइल नंबर अगर उपयोग में नहीं है तो आसानी से अपडेट कर सकते हें ।डीटीओ ने बताया कि कई ऐसे वाहन मालिक एवं वाहन चालक हें ।जिनके रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लाइसेंस में मोबाइल नंबर और पता उपयोग में नहीं है। इस वजह से दुर्घटना एवं अन्य स्थिति में वाहन मालिक व चालक की पहचान में परेशानी होती है। मोबाइल नंबर parivahan.gov.in पर एवं ड्राइविंग लाइसेंस में मोबाइल नंबर sarathi.parivahan.gov.in पर अपडेट कर सकते हें। vahan.parivahan.gov.in पर जाएं. संबंधित ऑनलाइन सेवाओं के लिए चयन करें।

## पंसस की सामान्य बैठक में विभिन्न जन कल्याणकारी योजना सहित जल निकासी का छाया रहा मुद्दा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**वीरपुर/ बेगुसराय** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को वीरपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत समिति की सामान्य बैठक संपन्न प्रखंड प्रमुख स्मिता कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गत बैठक की संपुष्टि की गई। वीरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर ने बताया कि बैठक में जीपीडीपी ,बीपीडीपी आदि योजनाओं पर सदस्यों ने विस्तृत चर्चा की । इसके बाद शिक्षा ,स्वास्थ्य बाल विकास, आवास, मनरेगा कृषि ,राजस्व पीएचईडी समेत कई विभागों के उपर भी चर्चा की गई। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वीरपुर बाजार में जल जमाव व पीएचईडी विभाग के तहत नियमित जलापूर्ति की



मांग व सुधार सहित विभिन्न जनसमस्याओं को सदन में प्रमुखता से उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने उठाया ।मौके पर उप प्रमुख सुबोध पासवान, अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र, बीइओ स्नेहलता वर्मा, सीडीपीओ नितेश कुमार, वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार, हेल्थ मैनेजर भवेश कुमार वर्मा,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मंदीप कुमार, जीविका के बीपीएम शैलेश कुमार,जेई मधु झा, प्रिया सिंह, मुखिया पूनम देवी,आशा देवी, अशोक पासवान, पंसस मुकुल प्रकाश, कुमारी अनामिका , पुष्पांजलि कुमारी, मीना देवी, रीता देवी, नवीन सिंह सहित कई अन्य कर्मी मौजूद थे।

# बखरी के व्यवसायियों ने काली पट्टी बांध कर जताया विरोध

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**रंजीत कुमार**

**बखरी/बेगूसराय** खाद व्यवसायी के बंद पड़े घर में चोरी की घटना का अब तक उद्भेदन नहीं होने से आक्रोशित व्यवसायियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। व्यवसायिक सुरक्षा मंच के आह्वान पर अम्बेडकर चौक पर जुटे व्यवसायी बाजार के दोनों तरफ के दुकानों पर जाकर दुकानदारों की बांह पर काली पट्टियां लगायीं। व्यवसायियों का जत्था कपूर्री चौक, पुरानी दुर्गा मंदिर, स्वामी विवेकानंद चौक, महादेव स्थान चौक से होते हुए वापस पीड़ित व्यवसायी के आवास तक पहुंच कर एकजुटता प्रकट की।

इससे पूर्व,मंगलवार की देर शाम केशरवानी पंचायत भवन में व्यवसायियों ने बैठक कर संघर्ष की रणनीति तय की। व्यवसायिक सुरक्षा मंच के तत्वावधान में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यवसायिक सुरक्षा मंच संघर्ष समिति के संयोजक दिलीप केसरी ने कहा कि पुलिस को दी गयी 72 घंटे की समय सीमा समाप्त हो गयी है। बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं। अब व्यवसायियों को सड़क पर उतर कर संघर्ष करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। पूर्व पार्षद



सिधेश आर्य ने कहा घटना के लगभग एक सप्ताह बाद भी अब तक कांड का उद्भेदन नहीं हो पाया है। सम्पूर्ण शहर स्मैकर्स के चंगुल में फंसा हुआ है। व्यापारी भयाक्रांत है। मुख्य बाजार से थाना स्थानांतरित होने से चोर उचक्कों का मनोबल बढ़ा है। व्यवसायियों की सुरक्षा के लिए सरकार को मुख्य बाजार में टाउन ओ पी की स्थापना अविलंब करनी चाहिए। व्यापार संघ के अध्यक्ष केदार केसरी ने कहा कि व्यापारियों का भरोसा पुलिस प्रशासन पर बना रहे, इसके लिए घटना का उद्भेदन, चोरों की गिरफ्तारी तथा माल की बरामदगी सुनिश्चित होनी चाहिये। भाजपा नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन ने कहा कि यह आंदोलन सरकार के खिलाफ नहीं, अपितु व्यवसायी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा तथा चोरों को पकड़ने में अब तक पुलिस की सुस्ती के खिलाफ व्यवसायियों का आक्रोश है। पूर्व पार्षद नीरज नवीन ने कहा कि चोरी के बाद लुटे व्यवसायी सड़क पर आ गये हैं। मगर पुलिस की सुस्ती आश्चर्यजनक है। बैठक में प्रस्ताव पारित कर व्यवसायियों ने चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया। प्रस्ताव के आलोक में गुरूवार,20 फरवरी को प्रतिरोध मार्च निकालने का निर्णय लिया गया। वहीं रविवार 23 फरवरी को बखरी में टीओपी की स्थापना,चोरी का उद्भेदन-चोर की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी सुनिश्चित करने तथा शहर को स्मैकर्स से मुक्त कराने की मांग को लेकर बाजार बंद करने का निर्णय लिया गया। मौके पर व्यापार संघ के पूर्व सचिव अरूण केसरी,राजेश अग्रवाल,पार्षद समीर श्रवण,पार्षद प्रतिनिधि संतोष साह,विजय नेमानी,श्रवण बजाज, संजय सिंह राठौड़,गुड्डू केसरी, रामदयाल केसरी,श्रवण साह,पंकज जायसवाल, पवन कुमार साह,छोटू केसरी,सहदेव केसरी मुखिया,राजकुमार केसरी, अनुराग केसरी, सुनील पोद्दार,चन्द्रदेव शर्मा आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के लाभुकों को दें सही जानकारी : एसडीओ राकेश कुमार

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा राकेश कुमार ने कहा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए आवश्यक दस्तावेज के बारे में लाभुक को समय समय पर जानकारी उपलब्ध करना पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए उन्होंने तेघड़ा अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड, नगर के पदाधिकारीयों, पंचायत के प्रतिनिधियों, विकास मित्र सहित अन्य सरकारी कर्मियों को निर्देशित किया है। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना से संबंधित पात्र लाभुकों को चिह्नित करते हुए आवेदकों को योजना संबंधित जानकारी देना सुनिश्चित करने को कहा है। एसडीओ तेघड़ा राकेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के पात्रता में बीपीएल परिवार के वैसे कमाऊ सदस्य जिनकी उम्र 18 से 59 वर्ष के बीच हो और उनकी मृत्यु हो जाती है तो लाभुक बीपीएल सूची, आधार कार्ड (मृतक, आश्रित), मृत्यु प्रमाण पत्र, बैंक खाता, फोटो, वोटर कार्ड (मृतक, आश्रित), पारिवारिक सूची (अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत) सभी आवश्यक कागजात संबंधित प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में आटीपीएस काउंटर पर जमा करें। जमा कागजात में त्रुटि नहीं पाये जाने पर लाभुकों को मृतक के निकटतम आश्रित को एकमुश्त डीबीटी के माध्यम से बीस हजार रुपये का अनुदान देय होगा। वहीं, उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना में भी पात्रता रखने वाले परिवार के वैसे सदस्य दुर्घटना या आपराधिक घटना में

जिनकी उम्र 18 से 59 वर्ष के बीच हो जाती है तो उनकी मृत्यु होने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफआईआर कॉपी, आधार कार्ड (मृतक, आश्रित), मृत्यु प्रमाण पत्र, बैंक खाता, फोटो, वोटर कार्ड (मृतक, आश्रित), पारिवारीक सूची (अंचल अधिकारी के निर्गत) सभी आवश्यक कागजात संबंधित प्रखंड कार्यालय में जमा करें। जमा कागजात में त्रुटि नहीं पाये जाने पर मृतक के निकटतम आश्रित को डीबीटी के माध्यम से एकमुश्त बीस हजार रुपये का अनुदान देय होगा।तेघड़ा बीडीओ राकेश ने भी प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत सचिव, विकास मित्र , जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों को इस दिशा में लोगों को मुहिम चलाकर जागरूक करने का निर्देश दिया है। ताकि लोग सरकार की योजना का लाभ ले सकेंगे।

## दो दुकान में आधी रात को लगी भीषण आग,50 लाख का हुआ नुकसान



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बेगूसराय** बेगूसराय में एक बार फिर से आग ने पूरी तरह तांडव मचाया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौक के समीप की है। जहां आग लगने से दो दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। जिसमें तकरीबन 50 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

प्रथम द्दष्टिया अनुमान लगाया जा रहा है की दुकान में लगे इनवर्टर के ब्लास्ट होने से आग लगी और एक किराना दुकान एवं एक किताब कॉपी की दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

**घर में सो रहे थे लोग तभी**

बताया जा रहा है कि बीती रात जब लोग अपने-अपने घरों में सो रहे थे उसी वक्त अंबेडकर चौक के समीप शोरगुल शुरू हुआ। जब लोगों ने निकाल कर देखा तो गणेश किराना स्टोर एवं उनके भाई की किताब की दुकान में आग लगी हुई थी। आग इतनी भयानक थी की कुछ ही मिनट में आग में पूरी तरह दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और पूरा दुकान जलकर स्वाहा हो गया।

**लाखों का नुकसान**

स्थानीय लोगों के द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन वह असफल रहे। तत्पश्चात अग्निशमन विभाग विभाग को घटना की सूचना दी गई तब मौके पर पहुंचकर पांच दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में लाखों का नुकसान हुआ है। फिलहाल इस मामले में जांच जारी है।

## बेगूसराय में डीआईजी के एक आदेश पर बदमाशों में मचा हड़कंप: पुलिस को दे दी कार्रवाई की खुली छूट



**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**अशोक कुमार ठाकुर**

**डीआईजी आशीष भारती ने अवैध बालू खनन करने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। अवैध खनन में लिप्त बदमाशों की संपत्ति जप्त की जाएगी**

डीआईजी आशीष भारती ने साफ-साफ चेतावनी देते हुए कहा कि बालू खनन व संगठित अपराध को लेकर पुलिस की जीरो टॉलरेंस की नीति है। नए प्रविधानों के तहत अवैध खनन में संलिप्त बदमाशों की संपत्ति जब्त की जाएगी। इसके लिए सभी थाना को कम से कम एक अपराधी की सूची बनाने का निर्देश दिया गया है।

डीआईजी ने मुफस्सिल थाना का निरीक्षण किया

मुफस्सिल थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अपराध नियंत्रण, संचिका संधारण, लंबित कांडों के निष्पादन को लेकर पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। वही, निरीक्षण के क्रम में पाई गई कमियों को सुधारने की चेतावनी दी गई है। निरीक्षण के क्रम में भूमि-भवन समेत अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए थाना भवन व आस-पास साफ-सफाई रखने व मालखाना के प्रदर्श के निष्पादन व बेहतर रखरखाव का निर्देश दिया गया है। डीआईजी के मुफस्सिल थाना पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने गाड आफ आनर देकर उनका स्वागत किया।

**डीआईजी ने थाने में किया निरीक्षण**

डीआईजी आशीष भारती ने मुफस्सिल थाना के महिला डेस्क, सीसीटीएनएस, संधारित संचिकाओं का निरीक्षण किया। वही, महत्वपूर्ण लंबित कांडों की समीक्षा के क्रम में पुलिस पदाधिकारियों को कार्यो का मूल्यांकन भी किया है।

काम के आधार पर पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा ।

## सार-संक्षेप

### मोटरसाइकिल के धक्के से अधेड़ महिला की मौत

**राष्ट्र संवाद**

**मंसूरचक /बेगूसराय** थाना क्षेत्र के दलसिंहसराय पिपरा मलती पथ पर समसा चौक स्थित दुर्गा मंदिर के निकट मंगलवार की शाम सीमावर्ती भगवानपुर थाना क्षेत्र के भरडीहा गांव निवासी साहेब पासवान की 55 वर्षीय पत्नी रामदुलारी देवी की अज्ञात मोटरसाइकिल की धक्के से मौत हो गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंसूरचक थाना क्षेत्र के बहुहारा गांव स्थित अनिल पासवान के घर अपनी बेटी के यहां मिलने गयी थी अपनी बेटी से मिलकर शाम को अपने घर भरडीहा जाने के लिये समसा चौक पहुंची और टोटो से उतरकर जैसे ही बस पकड़ने अपने लिये सड़क पार कर रही थी कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने धक्का मार दिया जिससे बुरी तरह घायल हो गयी स्थानीय लोगों ने उक्त महिला को उठाकर प्राथमिक उपचार के लिये मंसूरचक अस्पताल भेजा जहां से परिजनों ने बेहतर इलाज के लिये बेगूसराय ले जा रहे थे कि रास्ते में ही महिला की मौत हो गयी मंसूरचक पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण को बेगूसराय भेज दिया। समाचार प्रेषण तक बाइक और बाइक सवार की पहचान नहीं हो सकती थी प्राथमिक की प्रक्रिया जारी थी।

### मुख्यमंत्री ने रोहतास जिले को दी 1,378 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

**पटना,** । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेलाड़ी परिसर से रोहतास जिला के लिये 1,378.46 करोड़ रुपये की कुल 1,220 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्?घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 1,110.23 करोड़ रुपये 1,971 योजनाओं का शिलान्यास और 268.22 करोड़ रुपये की 249 योजनाओं का उ?द्घाटन शामिल है।

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी प्रखंड में 4,973.33 लाख रुपये की लागत से करमचट इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब योजना, ग्राम बादलगढ़ में 271.16 लाख रुपये की लागत से बोट हाउस कैंप योजना एवं दिनारा प्रखंड में 1489.33 लाख रुपये की लागत से भलुनी धाम इको पार्क योजना का रिमोट के माध्यम से अनावरण कर शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने दुर्गावती इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान हॉट एयर बैलून बैलून तथा आदिवासी जनजाति विकास समिति द्वारा साल के पत्तों से दोना एवं प्लेट के निर्माण प्रक्रिया का शुभारंभ किया।

### भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में ऋषि अगस्त्य का योगदान विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**पूर्वी चंपारण,।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में ऋषि अगस्त्य का अवदान' विषय पर बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन 'काशी तमिल संगमम- 3.0', शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्धारा किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक विवि के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव रहे, जबकि संगोष्ठी के संरक्षक 'अधिष्ठाता, मानविकी एवं भाषा संकाय' प्रो. प्रसून दत्त सिंह थे। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. गरिमा तिवारी एवं सह-संयोजक डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा, डॉ. श्याम नंदन, डॉ. आशा मीणा तथा डॉ. बबलू पाल थे।

संगोष्ठी का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। मंच संचालन डॉ. बबलू पाल ने किया, जबकि विषय प्रवर्तन मानविकी एवं भाषा संकय के संख्याध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति अपनी विशिष्टता के लिए जानी जाती है और ऐसे विमर्शों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। ऋषि अगस्त्य ने उत्तर और दक्षिण भारत के सांस्कृतिक समन्वय का कार्य किया, जो आगे चलकर स्वामी विवेकानंद ने भी किया।

### एसएसबी 56वीं वाहिनी ने शिविर में किया पशुओं का नि:शुल्क उपचार, दी मुफ्त दवाईयां

**फारबिसगंज/अररिया ,** ।एसएसबी 56वीं वाहिनी बथनाहा क्षेत्रांतर्गत बाह्य सीमा चौकी कुशमाहा के मुशहरी टोला में आज निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाकर पशुओं को दवाइयां दी गई। एसएसबी ने बताया कि कमांडेंट सुरेन्द्र विक्रम के दिशा निर्देशन में 56 वीं वाहिनी अंतर्गत पशु कल्याण कार्यक्रम के तहत पशुओं का निशुल्क चिकित्सा के साथ दवाईयां दी जा रही है। पशु चिकित्सा शिविर में टीवीओ फारबिसगंज डॉ. रामशरण राम के द्वारा सीमावर्ती पशुओं की निःशुल्क जांच की गई तथा उनके परामर्श के अनुसार 56वीं वाहिनी की ओर से पशु चिकित्सा शाखा के स्टाफ द्वारा स्थानीय पशुपालकों को मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया।

इस पशु चिकित्सा शिविर में 46 सीमावर्ती पशुपालक के 123 पशु लाभान्वित हुए। सशस्त्र सीमा बल द्वारा संचालित इस कार्यक्रम की स्थानीय ग्रामीणों द्वारा काफी सराहना की गई। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण व वाहिनी के 11 अन्य बल कर्मी शिविर में मौजूद रहे।

### वसंत पंचमी महोत्सव-2025 का डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

**फारबिसगंज/अररिया ,** ।कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वावधान में आज टाउन हॉल, अररिया में वसंत पंचमी महोत्सव-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अररिया जिला पदाधिकारी अनिल कुमार, अररिया पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा टाउन हॉल अररिया में बनाये गए विभिन्न प्रकार के रंगोली एवं लगाये गये पुष्प प्रदर्शनी अवलोकन किया गया।

जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सान्याल कुमार द्वारा बताया गया कि चित्रकला में प्रथम-साक्षी कुमारी, द्वितीय-तन्नू प्रिया एवं तृतीय-सजल कुमारी रही हैं। रंगोली समूह में प्रथम-गीतांजलि कुमारी, प्रगति कुमारी, खुशी कुमारी, द्वितीय-काजल, साक्षी प्रिया, अनुष्का कुमारी एवं तृतीय स्थान-अर्चना, दिलरुबा, शाहिदा सिद्दीका ने प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता(समूह) में प्रथम-पीयूष कुमार, अभिनव कुमार मिश्रा, द्वितीय-मयंक कृष्ण, कुमारी सपना, मो शाहनवाज एवं तृतीय स्थान-उम्मे सना, आतिया सरवरी, खुशबून ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल (रंगोली, पेंटिंग) में राजेश कुमार, मृणाल प्रधान, क्विज स्कोरर- दारिश राजा, दानियाल राजा शामिल थे। जबकि मंच संचालक श्री नर सिंह नाथ मंडल ने की। मौके संबंधित पदाधिकारी गण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डीआईजी ने किया रक्सौल डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण

**पूर्वी चंपारण,** । चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने बुधवार को रक्सौल डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित और एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।इस दौरान डीआईजी ने कार्यालय के अभिलेखों को देखा और उनके सही रख-रखाव का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को बेहतर पुलिसिंग का भी पाठ पढ़ाया और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का आदेश दिया। साथ ही, कुर्की के मामलों के निपटारे और समय पर वारंट तामिला करने का निर्देश दिया।

डीआईजी हरकिशोर राय ने कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अपराध नियंत्रण और शराब तस्करों पर नकेल कसने के साथ-साथ विभागीय कार्यों को भी समय पर निपटाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

## संवेदना कहां है !
दीपक कुमार दीप



आजकल कुछ
अजीब सी बात हो जाती है,
घर से निकलते ही
स्वार्थ, लोभ और मोह से
मुलाकात हो जाती है।
पाखंड तो हर ओर
दिखाई देता है,
फरेब छिपने के लिए
एक सफेद सी
चादर ओढ़ लेता है।
छल-कपट हमेशा की तरह
साथ-साथ हैं,
पर पता नहीं क्यों
आजकल सच से नहीं हो रही
मुलाकात है।
झूठ की दुकान हमेशा की तरह
मस्त चल रही है,
सदाबहार नासमझी भी
मचल रही है।
अहम-वहम के हाथ आजकल
राजनीति की डोर है।
पर इंसानियत का
कहीं भी नहीं ठौर है।
वेदना का तो ये सारा जहाँ है,
पर सवाल ये है कि
आखिर ये संवेदना कहाँ है!
कोई कहता है कि वो
लाचार हो गई है,
कोई कहता है कि,
वो बीमार हो गई है।
एक ने कहा कि वो दिखती तो है
मगर हमेशा ही
स्वार्थ और लोभ के साथ,
दूसरे ने बताई जज्बात से उसके
ब्रेक अप की बात।
तीसरे ने कहा
कि यार मुझे पक्का पता है कि
वो मतलब के घर गई है।
चौथे ने कहा कि सर जी!
ऐसा कुछ भी नहीं है,
मैं आप को अंदर की
बात बता दूं कि,
आज के युग में संवेदना
मर गई है।

## काश मैं कुत्ता बनता
सुखबीर कौर



कुत्ते को कुत्ता कहना
उसकी तौहिन नहीं फ्रक की बात है
क्योंकि इंसानों के आजकल
उन जैसे हालात है
कुत्ता बना घूमता गलियों में
रहता झोपड़ों में
क्योंकि वह गरीब इंसान है
कुत्ते तो रहते बंगलों में
घूमते कारों में
क्योंकि वह स्ट्रीट माइल रोड की शान है
इनके खाने होते हाई क्वालिटी वाले
गरीबों की थाली से गायब रहते निवाले
साहब की बीबियों की गोद में
बच्चे नहीं कुत्ते किलकारी भरते हैं
इनके बच्चें तो शर्म -ए - शान
क्रेजों में ही पलते हैं
खूब सूरत कोमालिका की गोद में
देख अलशिशियन को खेलता
किसी मनचले का माथा ठनका
दिल उलाचें भरता
काश अगले जन्म में
मैं इसां नही कुत्ता ही बनता

## मन.....
डॉ.रत्ना मानिक



मन जो धीरे-धीरे मृत हो रहा है
नेह जल से रिक्त हो रहा है
क्या उसे यूं ही हौले-हौले
अंतिम श्वास लेने दूं
आत्मीयता की खोज में
अंतर्मन को जलने दूं
ओढ़ कर चेहरे पर
खोखली मुस्कान को
अपनेपन का यह तमाशा
कब तक यूं ही चलने दूं
कहां से लाऊं संबंधों में
मादकता बसंत की
स्नेहिल पुलकित प्राणदायिनी
फगुनहट बयार सी मृदुल
कांधे पर सांत्वना का हाथ धरती
आत्मीयता के गंध की
जो मेरे तन-मन पर पड़े
उपेक्षा,उलाहना और
अविश्वास के छालों पर
धर दे मरहम
अपने स्नेहिल मृदुल मातृत्व की
देख कर ढंग
अपनों के अपनेपन का
दहक रहा है मन मेरा
लहकते पलाश की तरह
बौरों की सुवासित गंध समेटे
समीर का एक निश्छल झोंका
क्या शांत कर सकता है
मेरे तन-मन की
इस दहकन को
मन जो धीरे-धीरे मृत हो रहा है
नेह जल से रिक्त हो रहा है
क्या उसे यूं ही हौले-हौले
अंतिम श्वास लेने दूं
आत्मीयता की खोज में
अंतर्मन को जलने दूं

## वक़्त
अनामिका मिश्रा



ये वक़्त का पहिया सदा पैहम चला,
दे चोट दिल को पर लगा मरहम चला।
हम बेवजह हैरान हो डरते रहे,
दुश्मन हमेशा हो मगर बेदम चला।
हम भी बदल के आज रुख थोड़ी चले,
पर बेरहम बदला यहाँ मौसम चला।
समझे नहीं हम कौन अपना भीड़ में,
समझा हमें जो साथ हो हमदम चला।
हमको गिराना चाहता था वार से,
खा चोट को हो के खुदी बरहम चला।
समझा यहाँ जो रीत रहता बे असर,
रखता हसद वो आज लेकर गम चला।
रख हौंसला दिल में 'अना' चलते रहो,
वो जीतता जो रख जिगर में दम चला।

## बसंत गीत
पूनम सिन्हा भावशिखा



गोरी-गोरी चाँदनी बहकी-बहकी रागिनी,
मन मोरा नाचे रे झूम-झूम गाए,
कालियाँ छलिया,भौरा बौरा,
फूल- फूल पर डोले करे मनमानी
बाग सजाए किसने,.क्या जाने
गोरी-गोरी चाँदनी.
सखियां बगिया में करे अठखेली,
क्या करें क्या ना करें अल्हर ना जाने,
रंग-बिरंगी दुनियां इनकी कहानी
गोरी-गोरी चाँदनी
सागर नदिया पानी-पानी,
बहे पुरवईया डोले मस्त जवानी,
बांहों में लें-लें कोई, क्या जाने
गोरी-गोरी चाँदनी
फागुन महीना आया बिरहा सताए,
सजना भए परदेसी निंदिया ना आए,
कैसे-कैसे दिन ये बीते,कोई ना जाने
गोरी-गोरी चाँदनी, बहकी-बहकी रागिनी ,
मन मोरा नाचे रे, झूम - झूम गाए,
मन मोरा नाचे रे, झूम-झूम गाए ॥

## पतझड़ का पेड़
प्रेमलता ठाकुर



पतझड़ का ऐसा पेड़ बनो,
जो दे सबको छांव घनी ,
तन में इसी मजबूती भर,
झंझाओं में सदा रहे तनी !
शब्दों के ऐसे बोल बनो,
जो रहे प्यार से सदा सनी
सारा जग ही अपना हो ,
मन का ऐसा बनो धनी..!
कांटों से घिर कर गुलाब
शिकस्त न करता परिवेशों से
दलदल में पंकज मुस्काए
दर्द नहीं परिदृश्यों की ..!
जिसने पाली ज्योति मन में
पथ उसका ही उजियारा
पर्वत से बहता झरना
निर्मल जल की है धारा,,,!!!!

## देश में कई मुद्दे
मनीष सिंह 'वंदन'



जिसको जितना मिला उतना ही कम लगा
ये मुआं इश्क भी ना, सबको विषम लगा ।।
मौत उसके सिरहाने थी, वह लिपट गया
धुंधलके में यमराज उसको सनम लगा ।।
कोई नहीं बचा था, न गाड़ी, न गाड़ीवाला
इकलौते उस शख्स को यह पुनर्जन्म लगा ।।
जो यहां नहीं मिल पाते वो वहां मिलते हैं
वो सुना, हंसा उसको यह सब वहम लगा ।।
ख्वाब तो था शेरवानी और शहनाई का
कमरे में बंद प्रेमी को हर कोई अधम लगा ।।
सुना था पाने के लिए खोना भी पड़ता है
उसने जान दे दी, उसको यह रसम लगा ।।
देश में कई मुद्दे मुंह बाए खड़े हैं ₹वंदन₹
एक उसको......धर्म का मुद्दा अहम लगा ।।

## महाकुंभ
किरण कुमारी 'वर्तनी'



चौपाई
पावन प्रयागराज की, चर्चा चारों ओर।
मोक्ष हेतु आये मनुज, बँधे भक्ति की डोर।।
महाकुंभ शुभ दिन आया है।
जन-जन को फिर हर्षाया है।।
गंगा में डूबकी लगाने।
दौड़े आए हैं दीवाने ।।
हर-हर गंगे के जयकारे।
लगा रहे जन मिलकर सारे।।
पावन तन -मन करने आए।
मन की पीड़ा दूर भगाए।।
भीड़ लगी है नदी किनारे।
अमृत स्नान को अब प्यारे।।
मर्म समझते हैं जग वाले।
स्नान- ध्यान से संकट टाले।।
साधु संत का आया मेला।
सजा भीड़ से मनु का रेला।।
घाट त्रिवेणी सबको खीचे।
देख रहे हैं सब अखियाँ मीचे ।।
महाकुंभ संयोग में ,करें यज्ञ अरु जाप।
स्नान ध्यान शुभ दान से, हर ले तन से ताप।।

## निर्माण की ओर
छाया प्रसाद



हवाओं से चुरा सरगम,
राग रागिनी भौरों से,
सात सुरो के साथ,
एक गीत बंसत की गाई हैं।
फूलों से कई रंग लिए,
सुगंध सुधा बरसाई हैं।
इन्द्र धनुषी आभा ले,
रंगोली आज सजाई हैं।
ले सूर्य से प्रकाश पुन्ज,
धरती की धारक शक्ति ले,
अम्बर सी बिशालता पाई हैं।
प्रकृति का जब साथ मिले,
फिर काहे को डरना हैं।
जिस ओर तुम्हें जाना हैं।
करनी बस अगुवाई हैं।

## यह जिंदगी है जनाब
अभिलाषा



कभी गिरती है तो ,
कभी उठाती भी है।
कभी भटकती है ,
तो कभी संभालती भी है।
कभी सताती है तो ,
कभी मानती भी है ।
यह जिंदगी है,
जनाब ,
कभी रुलाती है तो ,
कभी हंसाती भी है।
कभी हार आती है तो ,
कभी जिताती भी है,
किसी से दूर करती है तो,
किसी के पास लाती भी है ,
यह जिंदगी है जनाब ,
हर वक्त अपने नए रंग ,
दिखलाता भी है ।
कभी नादान तो कभी ,
समझदार बनाती है ,
हमारे रूठ जाने पर ,
हमें मनाती भी है ।
कभी भी हमें बिखेरती है तो ,
कभी संजोती भी है ।
यह जिंदगी है जनाब,
जो कभी पतझड़ देती है तो,
कभी बसंत लाती भी है

## धुआँ
ललन शर्मा



न जाने कहाँ से भर गया है धुआँ,
मेरे मकान में
शायद चिन्गारी दबी ही रह गयी,
मेरे मकान में।
आर-पार देखने की तमन्ना है दोनों तरफ
पर ह्यबीचह्य की दीवार ऊँची ही रह गयी, मेरे मकान में।
वो आग बाँटते रहे, हम घी डालते रहे,
हवन का कूंड बन रहा है यारों,
मेरे मकान में।
तय करना है चिरागाँ, हर एक के लिए
अन्तिम दिया भी बुझ रहा है, मेरे मकान में।
मिलने मिलाने की बात कुछ ऐसी हो रही,
दरारों में सटाये जा रहे हैं इश्तहार,
मेरे मकान में।

## प्रपोज डे
प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'



सूख जाए ये रोज डे
भाड़ में जाए प्रपोज डे
चाकलेट डे, टेडी डे
किस डे, हग डे
और अब मुआ ये प्रॉमिस डे
काहे की प्रॉमिस
काहे का किस
अब न रही तुम मिस
बन गई हो किसी की मिसेज
फिर भी याद आती हो
क्यों कि हो गई हो कुर्सी सर्विसेज
जीवन एक किताब है
जिसका हर पन्ना एक अध्याय है
मौसम बदल गया है
अब दिल्ली में मफलर की जरूरत नहीं
ढोलक वाले ने नेता जी से पूछा
बजाऊँ या बज गई
फिर वह गुनगुने लगा
अन्ना -- अब जा के आया
मेरे बेचैन दिल को करार
वक्त वक्त की बात है
कब किसका डंका बजे
या फिर बज जाए घंटा
कुछ पता नहीं चलता है
कब किसकी जल जाए लंका
अजब-गजब होता रहता है
इस बार तो जीरो की भी हैट्रिक लग गई
साथ में तीनों बार
एक भी सीट का
नुक्सान नहीं हुआ
यह बात तो माननी पड़ेगी भाई
कुछ भी हो, कैसे भी हो ।
शराब का फर्क तो पड़ता है भाई
तभी श्रीमती जी टपक पड़ी
क्या लिख रहे हो मेरी ओर देखो
आज प्रॉमिस डे है,
हाँ डार्लिंग
तो मुझे दुबारा प्रपोज करोगे
कौन से गाने गाओगे
मैं डर गया और यूँ हि मुँह से निकल गया
इतनी शक्ति हमें देना तू दाता,
मन का विश्वास कमजोर हो न
पत्नी जी भड़क गईं
पाँव पटककर लौट गईं
कहा भाड़ में जाए वेलेंटाइन डे
तुम कितना भी वजन उठा लो
गर्लफ्रेंड बना लो
याद रखो
दाल रोटी का वजन
सबसे भारी होता है
भाग कर कहाँ जाओगे
लौटकर घर ही तो आओगे।।

## करो सदा सत्संग
लक्ष्मी सिंह 'रूबी'



करो सदा सत्संग, लाभकारी होगा।
भरो भक्ति में रंग, लाभकारी होगा।।
भेद-भाव को छोड़, गिरा दे दीवारें।
बहे प्रेम की गंग, लाभकारी होगा।
करें नहीं छल-छद्म, भाव निर्मल पालो ।
वरें सुरम्य उमंग,लाभकारी होगा।।
प्रेम और सौहार्द, भरा मन रहे सदा।
धो लें मैले अंग, लाभकारी होगा।।
रखें सभी सद्भाव एक हो जीवन-पथ।
बदले जीवन-ढंग, लाभकारी होगा।।
मिटे मोह, अज्ञान, हृदय का द्वार खुले।
कटे न ज्ञान-पतंग, लाभकारी होगा।।
नित हों अच्छे कर्म, जगत का मंगल हो।
नैतिकता-अनुषंग, लाभकारी होगा।।

## कुर्सी
ममता कर्ण मनस्वी



हूँ बेजान लकड़ी का कुर्सी तो हल्के में मत लेना
बहुत दमदार हूँ, वजनदार हूं
सहता हूँ अपने से कई गुणा भारी वजन
लोग क्या कुछ नहीं करते
मुझे पाने के लिए
लड़ते हैं झगड़ते हैं अपनी मेहनत का कमाई भी लुटाते हैं
एक उठते तो दूसरा झपटते
बड़े बड़े हाकिम का ईमान
इसी कुर्सी के पर है डोलते
नेता हो या अभीनेता
एड़ी चोटी एक कर देते हैं
जब चढ़ जाता कुर्सी का नशा
छोड़ देते भाई - भाई का साथ
हूं घर होटल पार्टी सब जगह खास
जहाँ देखो वहाँ हो जाता पास
इसलिए चुनाव चिन्ह भी
बनाया जाता हूँ
नेताओं का पहली पसंद हूँ
हाँ मैं कुर्सी हूं हाँ मैं कुर्सी हूं ।

## मेरे कृष्ण
आरती श्रीवास्तव



कर पतवार रहा जो मेरे।
हाथ सौंपती हूँ मैं तेरे।
सबल नहीं दोनो कर मेरे ।
मोह द्वेष है मुझको घेरे।।
नाविक तुम हो जग के सारे।।
काँप रहा कर डर के मारे।
सहज नहीं है नाविक बनना।
हिचकोले , तुफान से लड़ना।।
कर पतवार तुम्हें देती हूँ।
जीवन का भार सौंपती हूँ।
₹अहं ₹भाव जो उठता मुझमें।
₹मैं सक्षम ₹था जागा मुझमें।।
हारी अब मैं मानो बातें।
जीवन ना अब काटे जाते।
मेरी नैया तुम संभालो।
तुम ही जग के पालनहारो। ।
अति व्यस्त है जीवन मेरा।
जमा मन में है तमस का डेरा।
अंहकार में तुमको भूले।
तभी बीच भंवर में झूले।।
पार्थ समझकर प्रभु तुम आओ।
मुझ दुखिया को भूल मत जाओ।
बढ़ गई है मेरी तृष्णा।
हर लो सभी पाप हे कृष्णा।।

कष्ट निवारण तुम अब कर दो।
खुशियों से झोली को भर दो।
करो कृपा हे दीनदयाला। ।
भक्तो का तुम हो रखवाला।।

मुरली मनोहर श्याम मेरे।
आई हूं अभी शरण तेरे।
मै तो हूं भारी दुखिहारी।
कमलनाथ जाऊं बलिहारी

## लीडर
वसंत जमशेदपुरी



ज्ञान देते टीचर-सा
लेकिन फटीचर हैं
भैया ये लीडर हैं
पेट इनका गोलगप्पे-सा
सिर मटर की घुँघनी है
टाँगें इनकी ऐसी लगतीं
जैसे थमार्मीटर हैं
मोटी सी तोंद पर
पतले-पतले हाथ जब
रख कर ये डकरते हैं
दस-पाँच घोटाले तब
गले से उतरते हैं
फिर भी कहलाते ये
जनता के फीडर हैं
गरीबी हटाओ के
नारे ये लगाते हैं
गरीबी की छोड़िए
गरीब के पास भी न जाते हैं
धनी-मानी लोगों से
काँपते ये थर-थर हैं
जनता को खिलाते हैं
सड़े हुए गेहूँ
खुद खाते हैं
केवल मलाई
करते हैं खूब ये
जनता की भलाई
चुनाव के पहले ये फ्रिज
बाद में ये हीटर हैं

## बसंत ऋतु के स्वागत में
यमुना तिवारी 'व्यथित'



किसिम किस्म के पुष्पों से,
आच्छादित हर बाग।
बसंत ऋतु के स्वागत में,
गूंजे फगुआ राग।।
मौसम मनभावन हुआ,
बहे बसंती बयार।
कण कण में मस्ती छाई,
पड़ी काम की मार।।
कोयल कुहूँके डार पर,
घर में बिरहन नारि।
अजय आज तक काम है,
मानी सबने हारि।।
साजन हैं प्रदेश में,
सजनी जोहे बाट।
बिन साजन फिकी सबै,
फिका लगा हर ठाट।।
बुढ़िया माई जोह रही,
श्रवण सुवन की राह।
मन में अटल विश्वास है,
उर में छोह उछाह। ।
विपक्ष के पत्ते झर गए,
नये पल्लव उगियाय।
जीवन का यही चक्र है,
समझो मेरे भाय।।
जाति का तो भेद नहीं,
मजहब का न सवाल।
प्रेम से सबको प्यारे,
मलो अबीर गुलाल।।

## फूल गुलाब
पुनम सिंह



अरे सुनो ना क्यों तोड़ते हो तुम मुझे
मैं तो तुम्हारी वाटिका की रौनक हूं
नित नहीं रोज सवेरे खिलकर
तुम्हारी वाटिका का शोभा बढ़ाती हूं
और साथ ही खुशबू फैलाती हूं
फिर तुम मुझे क्यों तोड़ देते हो
जब मैं तुम्हारी सजनी के सर पर सजाती हूं
और खुशबू फैलाती हूं
अगल-बगल सब होते हैं
मोहित मुझ पर मैं इतराती हूं
कभी पास बैठो तुम मेरे
जब मेरी खुशबू महकती है
तो बहुत कुछ कहती है
कभी छोटे-छोटे पंखुड़ियां के टुकड़े को देखो
और मेरी वेदना को समझो
मैं तो तुम्हारे वाटिका की रौनक हूँ
अरे सुनो ना क्यों तोड़ते हो तो मुझे
मैं तो तुम्हारी वाटिका की रौनक हूं

## गजल
पूनम शर्मा स्नेहिल



झूठ छल और ये कपट जमता नहीं।
यार सच्चा जग में अब मिलता नहीं।।
कोई धोखा दे अगर दिल खो गया।
जाने क्यों वो पल हमें खलता नहीं।।
सारे रिश्ते मतलबों के है यहाँ।
प्रेम दिल में अब कहीं पलता नहीं।।
हर किसी के कई मुखौटे हैं यहाँ।
राम जाने वो कभी थकता नहीं।।
दे रहे धोखा किसे यारों कहो।
यार धोखा ये कभी फलता नहीं।।
मौन जब तक हूँ तभी तक शेर हो।
वक्त से आगे कोई बढ़ता नहीं।।
बंद आंखों में ही सजाते ख्वाब है।
जागती आँखों कोई मिलता नहीं।।
जब तलक हाँ में मिलाते हाँ रहे।
बस तभी तक कोई भी डरता नहीं।।
नेह हंसने पर यहाँ सब सोचते।।
गम कोई भी पास में चलता नहीं।।

## चलो महाकुंभ में हमें भी नहाना है
सुदीप्ता जेठी राउत



कितने बरसों के बाद अमृत संयोग आया है।
विश्व का महामाया विश्वास और आस्था का पर्व आया है
हमें भी अमृत फल पाना है।
चलो महाकुंभ में हमें भी नहाना है।
सनातनी धर्म का यह आगाज है
महाकुंभ की कहानी का भी अद्भुत राज है।
भक्ति के सागर में हमें भी डुबकी लगाना है।
चलो महा कुंभ में हमें भी नहाना है।
महान तपस्वी गुणी जनों का हुआ आगमन है।
दिव्य दृश्य देखने की लालसा में सबके नयन हैं।
पुण्य का थोड़ा फल हमें भी कमाना है।
चलो महाकुंभ में हमें भी नहाना है।
महाकुंभ के साथ बनारस एवं अयोध्या का भी करले दर्शन।
कर्मफल अगर बना बाधा तो मन में ही कर ले भ्रमण!
धर्म से बड़ा कर्म है, गीता में कृष्ण से जाना है।
धर्म करने के लिए मनुष्यता का धर्म निभाना है।
चलो कोई पाप न करने का संकल्प लेकर
अंतर्मन में ही पुण्य सलिला बहा लें
प्रयाग में न सही
स्वप्न के महाकुंभ में ही नहा लें।

## बरगद की छाँव
नीलम पेड़ीवाल



उपयोगी यह तरु बरगद नित।
छाया इसकी हम गदगद नित।।
वट इसका सुनाम है दूजा।
सारे करते इसकी पूजा।।
औषध गुण से भरपूर विटप।
रोगों को करता दूर विटप।।
दुर्भिक्ष समय जीवित रहता।
मिलकर रहने को यह कहता।।
बरगद छाया बैठ शुद्ध हों।
ज्ञान प्राप्ति कर सभी बुद्ध हों।।
इसमें त्रिदेवों का वास शूभ।
गुण बहुतेरे यहीं रास शुभ।।
तरुवर बरगद का यह विशाल।
सबके वास्ते बनता मिसाल।।
शाखाएँ इसकी बड़ी-बड़ी।
सुख-समृद्धि इसमें जड़ी-जड़ी।।
बरगद की छाया के जैसे।
घर के बुजुर्ग होते वैसे।।
छत के नीचे मिलकर रहना।
सीख सुधोपम इससे गहना।।
सचमुच है यह बरगद महान।
सबको देखता एक समान।।

## जागो मेरे देश !
पद्मा मिश्रा



बंद करो,-वादों ,नारों नगाड़ों का शोर ,
खामोश कर दो,
अघोषित महाभारत की दुनिया ,
अब टूट रही है खामोशियाँ अंतर्मन की।
खामोशियों को टूटना ही होगा।
सुनो ,अंतरात्मा की आवाज सुनो
देश की अस्मिता,विकास,प्रगति के नाम पर
बाधक बनती तुम्हारी विकृत मानसिकता!,
मेहनत कश हाथों से कमाया धन,
बंद है तुम्हारी तिजोरियों में।
ममता के आंसू,बच्चों के सपने,
भस्म हो गये अंधी लालसा की जलती ज्वाला में।
अब बस,,अंत हो इस कालिमा भरी कहानी का,
अन्यथा जागृति की मुखरित होती आवाजें,
झुलसायेंगी तुम्हें-जलायेंगी नर्क की जिंदा भट्टियों में।
कभी तो जागे यह अंतश्चेतना !
नहीं चाहते क्या ?
इस जागरण को मुखर होने दो,
बदल जाने दो सारी तस्वीरें।
तभी बदलेगा -समूचा परिदृश्य ,
उन तस्वीरों के बदले रंग ,उनका मौन रेखाचित्र ,
एक नई इबारत लिखेगा -
संवेदना की लेखनी से ,
मानवता के नाम ।
जागो मेरे देश! !

## विश्व विजय
वीणा नंदिनी



निज देश गुरु बने नित सत्कार कीजिए।
गुंजे चार दिशा सब जयकार कीजिए।।१।।
कल्याण लोक नित्य प्रसारण मिले सभी।
प्रतिघात ले धरा फिर आभार कीजिए।।२।।
अभिजीत हो सुता सदाचार निरत बने।
संतान बन मिला घर पतवार कीजिए।।३।।
संवाद हो खुला वो आकाश नित चढ़े।
कोई यहाँ मिले पथ विस्तार कीजिए।।४।।
घनघोर है निशा पर जलता प्रकाश है।
इक दीप जल यहाँ अब स्वीकार कीजिए।।५।।
रुढ़िवाद के विना अपवाद क्या सुधर।
बसुधैव अब कहे वीणा वार कीजिए।।६।।

